तापमान

अधिकतम 33.7 डिग्री

न्यूनतम 19.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




गर्मी से पूर्व बिजली विभाग के कर्मचारी पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बजट पर चर्चा करने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आज शहर में



**बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला 28 फरवरी को नगर प्रवास पर होंगे। वे केन्द्रीय बजट 2025 को लेकर वे होटल ग्रैंड अम्बा में दोपहर 2.30 बजे शहर के बुद्धिजीवी वर्गों से मुलाकात कर भारत सरकार की बजट पर चर्चा करेंगे। जिसमें शहर के प्रमुख व्यवसायी, डॉक्टर, सामाजिक चिंतक, इंजीनियर और चार्टड एकाउंटेंट शामिल होंगे। वहीं श्री शुक्ला शाम 4 बजे जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करेंगे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव 5 को

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के पदभार ग्रहण करने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए समयसारणी जारी की है। इसके अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए निर्वाचित सदस्यों को सूचना जारी की गई है। जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए सम्मिलन 5 मार्च को होगा। इसी प्रकार अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना 5 मार्च को जारी की जाएगी। जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष और सदस्यों को जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन की सूचना 5 मार्च को ही जारी की जाएगी। जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन (विशेष) का आयोजन 10 मार्च को किया जाएगा।

### 52 किसानों ने डिजीटल पोर्टल में कराया पंजीयन

**बिलासपुर।** मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन किसानों का मात्स्यकि डिजीटल पोर्टल में पंजीयन कराने कैंप लगाया गया। मत्स्य विभाग के उप संचालक एके महिस्वर ने बताया कि इसमें जिले के विकासखंड बिल्हा, मस्तूरी, कोटा एवं तखतपुर से 72 लोग शामिल हुए। जिनमें मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह, स्व सहायता समूह एवं व्यक्तिगत मत्स्य किसान शामिल थे। मौके पर 52 मत्स्य कृषकों ने मात्स्यकि डिजीटल पोर्टल में अपना पंजीयन कराया। उन्होंने बताया कि एनएफडीपी में पंजीकृत मत्स्य किसानों को ही विभागीय योजना का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर सहायक मत्स्य अधिकारी सतीश मेमन, डीडी रात्रे, संगीता सार्वा, अल्का स्वर्णकार, मत्स्य निरीक्षक राजेश वर्मा, सुश्री शतरूपा जायसवाल, संजुला सोनी एवं प्रांजल शर्मा मौजूद थे।

### राज्य स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का हुआ शुभारंभ

**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरूवार को सकरी स्थित 2 री वाहिनी खेल ग्राउण्ड में किया गया। इस प्रतियोगिता में 2री वाहिनी, 2 वीं वाहिनी, 11 वीं वाहिनी, 13 वीं वाहिनी एवं 18 वीं वाहिनी से पारित 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। 1 मार्च को प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा।

# फाइलेरिया की दवा खाने से बिगड़ी 8 बच्चों की तबीयत, दो घंटे बाद डाक्टर ने दी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मस्तूरी के टेकारी गांव के शासकीय माध्यमिक स्कूल की घटना
- 5 दिन तक सभी आंगनबाड़ी और स्कूलों में निशुल्क खिलाई जाएगी दवा

मस्तूरी में फाइलेरिया की दवा खाने से मिडिल स्कूल के 8 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को पेट में दर्द और ऐंठन की शिकायत के साथ ही उल्टियां होने लगीं, बच्चों की तबीयत बिगड़ने की खबर लगते ही स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। करीब 2 से 3 घंटे के बाद बच्चों को छुट्टी दे दी गई है।

जिला मुख्यालय से 37 किमी दूर मस्तूरी के टेकारी गांव स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल में गुरूवार को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। दवा खाने के बाद 8 से 10 बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। सभी बच्चे 7वीं और 8वीं के थे, बच्चों की तबीयत बिगड़ने की बात को लेकर स्कूल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग की टीम में हड़कंप मच गया। 108 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि बच्चों को पेट दर्द की शिकायत थी, इस दौरान कुछ बच्चों ने उल्टी भी की। बीएमओ डॉ अनिल कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया की दवा खिलाई जा रही है, दवा का कोई साइड इफैक्ट नहीं होता है, लेकिन 8 बच्चे उल्टी और पेट दर्द की समस्या के साथ पहुंचें थे। इस दौरान उनका उपचार किया और करीब 2 से 3 घंटे के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

### 24 घंटे का आब्जर्वेशन

जिन बच्चों की तबीयत दवा खाने के बाद बिगड़ी है, उन्हें 24 घंटे का आब्जर्वेशन रखा गया है, भले ही परिवार के सदस्यों के द्वारा उन्हें उपचार के बाद घर ले जाया गया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग अगले 24 घंटे के बाद उनका परीक्षण कर सकती है। सीएमएचओ ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को पूरी तरह से अलर्ट रहने की हिदायत दी गई है।



राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रवाना किए गए ई-रिक्शे।

### नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों को दी गई दवा

शंकर नगर बंधवापारा में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने स्वयं ही फाइलेरिया की दवा खाकर लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ प्रमोद तिवारी, डॉ बीके वैष्णव, प्राचार्य एसके पांडेय, पार्षद शिबू दत्ता मौजूद रहे। स्कूल में हुए इस कार्यक्रम के दौरान 1005 बच्चों को दवा खिलाई गई।

### इन दवाओं की दी जाती है डोज

सीएमएचओ डॉ प्रमोद तिवारी ने बताया कि फाइलेरिया (हाथी पांव) की बीमारी के रोकथाम के लिए मिशन मोड में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी को दवा खिलानी है। जिले में कीट केस के परीक्षण के दौरान फाइलेरिया के 276 केस मिले थे, ऐसे में इसकी रोकथाम के लिए दवा खिलाने का अभियान चलाया जा रहा है। स्कूल और आंगनबाड़ी में अगले 5 दिनों तक निशुल्क दवा का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई सालों से कार्यक्रम के तहत दवा दी जाती है, इसका साइडइफैक्ट नहीं है, लेकिन कभी-कभी कुछ लोगों को उल्टी की समस्या हो सकती है, यह सामान्य बात है। उन्होंने कहा कि क्रीमी के तौर पर अल्वेंडाजोल की दवा को चबा कर खाना होता है। वहीं डीईसी और आइवरमेक्टिन की दवा एक साथ खाई जाती है। साल में एक बार ही दवा खाना होता है।



मुंगेलीनाका स्थित मैदान में महापौर व पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के लिए सजा पंडाल।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन व उप मुख्यमंत्री साव भी रहेंगे उपस्थित

# महापौर, पार्षदों के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे आज सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवनिर्वाचित मेयर श्रीमती पूजा विधानी सहित 70 वार्डों के पार्षदों का शपथ ग्रहण शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे होगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए मुंगेलीनाका मैदान में तैयारी पूरी कर ली गई। इस समारोह में शामिल होने विशेष रूप से प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शहर आएंगे। इनके साथ ही केन्द्रीय आवासन और शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला भी शपथ समारोह में उपस्थित रहेंगे।



नगरीय निकाय आम चुनाव में पांच साल बाद भाजपा नगर निगम की सत्ता में वापस आई है। इस बार महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे जनता द्वारा किया गया है। इसमें भाजपा की श्रीमती एल पद्मजा पूजा विधानी भारी मतों से महापौर के लिए निर्वाचित हुई है। इसके अलावा नगर निगम के 70 वार्डों में से 49 वार्डों में भाजपा के पार्षद तथा 18 कांग्रेस के व तीन निर्दलीय पार्षद चुनाव जीतकर आए हैं। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद नवनिर्वाचित महापौर समेत पार्षदों को शपथ ग्रहण का इंतजार था और शुक्रवार को इनका शपथ ग्रहण होने जा रहा है। शपथ ग्रहण समारोहपूर्वक होगा, जिसके लिए मुंगेलीनाका मैदान में बड़ा सा पंडाल लगाया गया है और इस शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के अलावा केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव भी शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह की सूचना आज नगर निगम प्रशासन की ओर से नवनिर्वाचित पार्षदों को भेज दी गई है।

### भाजपा कार्यालय में पार्षदों की हुई बैठक

नगर निगम चुनाव में भाजपा की अप्रत्याशित जीत होने के बाद महापौर और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी को लेकर गुरुवार को भाजपा कार्यालय में भाजपा पार्षदों की बैठक हुई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केन्द्रीय राज्यमंत्री शामिल होंगे इसलिए नवनिर्वाचित पार्षदों को बिन्दुवार चर्चाकर अपने-अपने वार्डों से कार्यकर्ताओं को लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष द्वय सहित नवनिर्वाचित महापौर पूजा विधानी, जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, रामदेव कुमावत, अशोक विधानी, शैलेन्द्र यादव, मनोज सोनी, एस श्रीनिवास राव, देवेन्द्र पाठक, अजीत सिंह भोगल आदि उपस्थित रहे।

### शपथ ग्रहण के बाद महापौर लेंगी पहली बैठक

महापौर और नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर रवाना हो जाएंगे, क्योंकि विधानसभा सत्र चल रहा है। दूसरी तरफ शपथ ग्रहण के बाद श्रीमती पूजा विधानी नगर निगम कार्यालय पहुंचकर पदभार संभालेंगी और दोपहर करीब 2 बजे टाउनहाल में बतौर महापौर पहली बैठक लेंगी। इस बैठक में महापौर व नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार सहित सभी जोन कमिश्नर और इंजीनियर उपस्थित रहेंगे।

## गर्मी की धमक, बिजली की आंखमिचौली जारी

**बिलासपुर।** सूरज की चमक के चलते दिन में गर्मी बढ़ चुकी है, हालांकि रात में अभी भी तापमान सामान्य बना हुआ है, लेकिन इस दौरान बिजली की आंखमिचौली एक बार फिर शुरू हो चुकी है। लगातार दो दिनों से ट्रीपिंग की समस्या आ रही है। गुरूवार को मसानगंज, करबला, अशोक नगर, बंधवापारा और कश्यप कालोनी जैसे इलाके में सुबह से बिजली की आंखमिचौली जारी है, बुधवार को भी दिन में 2 से 3 बार बिजली आती जाती रही, हालांकि इस दौरान विभाग मेंटेनेंस कार्य में जुट चुका है। कई इलाकों में बिजली सुधार कार्य भी जारी है लेकिन गर्मी बढ़ते ही एक बार फिर ट्रांसफार्मर में दबाव बढ़ने लगा है। इसका सीधा असर फीडर पर पड़ रहा है, जिसके चलते ट्रीपिंग की समस्या आ रही है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार 10 से 15 मिनट के बीच होने वाली ट्रीपिंग की समस्या सामान्य है। जहां विभाग के अधिकारी इसके सामान्य बात कह कर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, लेकिन बार बार बिजली बंद होने का असर इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर पड़ रहा है। मालूम हो कि फरवरी माह शुरू होते ही सूरज की तपिश बढ़ गई है। धूप तेज होने के कारण लोग गमछा पहनकर घर से बाहर निकल रहे हैं।

# स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करने का झांसा देकर 12 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 11 लाख 91 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, भारतीय नगर निवासी तसलीम अली ने आनलाइन ठगी की रिपोर्ट लिखाई है। अपनी रिपोर्ट में बताया कि वे कापरेटिव सोसायटी में काम करते हैं। मई 2024 को हेल्लिस केपिटल एसेस्टस मैनेजमेंट के नाम से उनके मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाली ने अपना नाम अंकिता बताया और स्टॉक मार्केट में अध्ययन करने वाले एक ग्रुप में शामिल होने की बात कही। साथ ही अधिक मुनाफा मिलने का लालच दिया। मुनाफा के लालच में आकर पीड़ित बताए हुए ग्रुप में शामिल हो गया। जहां पुनीत पुजारा नामक व्यक्ति ने उन्हें लिंक भेजकर ऐप डाउनलोड करवाया और पैसा लगाकर ट्रेडिंग करने कहा। पीड़ित उसके झांसे में आकर 28 मई से 2 जुलाई 2024 तक 11 किस्तों में 11 लाख 91 हजार ऐप में जमा कर दिए।

रकम वापस करने की बात कही तो उसे लगातार गुमराह किया गया। साथ ही मुनाफे की राशि को वापस पाने के लिए उनसे और पैसे की मांग की गई। इससे उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अंकिता, पुनीत पुजारा के खिलाफ बीएनएस की धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।





नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।


### विभाग को बाद में मिली मौत की जानकारी, शिकार की आशंका

# मरवाही के जंगल में मिला भालू का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/भर्रीडांड

मनेन्द्रगढ़ और मरवाही वन मंडल की सीमा पर एक भालू का क्षत विक्षिप्त हालत में शव मिला है। यह शव मरवाही वन मंडल के उषाड़ बीट में देखा गया जो लगभग 8 से 10 दिन पुराना है। शव से कई अंग गायब हैं, जिससे भालू के शिकार की आशंका व्यक्त की जा रही है।

जानकारी के अनुसार गौरेला पेण्ड्रा मरवाही वन मंडल के उषाड़ गांव के जंगल में भालू का क्षत विक्षप्त शव मिलने से हड़कंप मच गया। भालू का शव मनेन्द्रगढ़ और मरवाही वन मंडल की सीमा के बीच में देखा गया। भालू के शव को देखने के बाद कई हिस्से गायब होने की जानकारी मिली, जिससे भालू का शिकार होने की आशंका



जंगल में भालू का क्षत-विक्षत शव।

जताई जा रही है। मामले की जानकारी मिलते ही मरवाही वन मंडल की टीम ने मौके पर पहुंचकर भालू का पोस्टमार्टम करना शुरु कर दिया है, जिसके बाद ही भालू के मौत की सही वजह सामने आएगी। मरवाही वन मंडल के एसडीओ नोहर सिंह मरकाम के अनुसार मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने मौके पर जाकर शव की शिनाख्त की। शव लगभग 15 दिन पुराना लग रहा है और भालू का शव क्षत विक्षप्त अवस्था में पाया गया है, जिसमें कई अंग नहीं है। शिकार की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। फिलहाल भालू के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसके उपरांत ही पूरा मामला स्पष्ट होगा। दो माह पहले भी गंगनई नेचर कैंप सालेकोटा के जंगल में मादा भालू शिकारियों के जंगल में फंस गई थी। स्थानीय युवकों ने भालू को जब तक जाल से निकाल पाने में सफल होते, तब तक उसकी दम घुटने से मौत हो गई थी। मौके पर मौजूद मादा भालू के आठ माह के नर शावक को सुरक्षित बचा लिया गया था।

27 FEB- BSP-PG-2_Layout 1 2/27/2025 11:55 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस ने किया भोजन वितरण



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस ने मानव सेवा समिति मंगला चौक मे सुबह 10 बजे से शाम 4.30 तक वहां से गुजर रहें वयोवृद्ध महिला एवं पुरुष एवं कर्मचारी वर्ग के लिए दाल, चावल, सब्जी, खीर, पूड़ी, कचौड़ी, एवं मल्टीपल से प्राप्त एक छतरी दान का सुधीर जैन एवं रीजन चेयरपर्सन चंदा बंसल की उपस्थिति में वितरण किया गया। फूड फॉर हंगर के तहत मानव सेवा समिति में मंगला चौक बाई पास के पास 950 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, क्लब सचिव प्रीति गुप्ता, माधवी स्वर्णकार, निशा गुप्ता, रेनू गुप्ता, लक्ष्मी सर्राफ, कल्पना गुप्ता, कौशिल्या तिवारी, पदमा गुप्ता, कविता गुप्ता, मंजू सोनी, स्नेहा गुप्ता, राधिका स्वर्णकार, शारदा गुप्ता, विजया शांति गुप्ता, राजेश मिश्रा, विशाल गुप्ता, परमेश्वर तिवारी, आशीष गुप्ता, शिवेंद्र प्रताप सिंह, किशोरी गुप्ता, अर्शद खान, सत्यनारायण गुप्ता, विष्णु गुप्ता, लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस के सभी वरिष्ठ सद्स्य एवम लायंस सदस्य मौजूद थे।

### नशीले पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाने दिए निर्देश




**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह ने गुरुवार को जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक ली। उन्होंने नशीले पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई करने कहा। बैठक में सीएमएचओ को नशा मुक्ति केन्द्रों को सक्रिय करने के निर्देश दिए। नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग को जिम्मेदारी दी कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करें। विश्वविद्यालयों में भी नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने कुलपतियों को पत्र लिखने कहा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से कहा कि सभी छात्रावासों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही समय-समय पर छात्रावासों की जांच की जाए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी, डीईओ अनिल तिवारी, श्रद्धा मैथ्यू, सुरेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का मेयर ने किया शुभारंभ



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ शंकर नगर स्कूल बंधवापारा में किया गया है। महापौर पूजा विधानी ने सामूहिक दवा सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ प्रमोद तिवारी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ बीके वैष्णव एवं प्राचार्य शंकर नगर स्कूल एसके पाण्डेय उपस्थित थे। स्कूल में नामांकित 1005 बच्चों को सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के अन्तर्गत दवाईयां डीईसी, एलबेन्डाजॉल एवं आईवरमेक्टिन का सेवन कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने दवा का सेवन किया। महापौर ने समाज के सभी उम्र के लोगों से इस दवा का सेवन करने की अपील की।

### संरक्षा सेमिनार में ट्रेन दुर्घटना रोकने दिया गया प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** दो माह में रेल के संरक्षा विभाग ने अवांछित घटनाओं की रोकथाम के लिए व रेलवे बोर्ड द्वारा चलाई गई संरक्षा अभियान के मद्देनजर कई महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों पर सेमिनार आयोजित किया। दिसम्बर 2024 माह में रेल पथ से संबंधित आनलाइन सेमिनार में ट्रैक मशीन संचालन में दुर्घटनाओं से बचने के लिए निवारक उपाय बताए गए, संयुक्त बिंदु पाइंट और क्रासिंग निरीक्षण के दौरान देखी गई कमियों कीअनुपालन के लिए किए जाने वाले कार्यों का ब्यौरा दिया गया। फरवरी 2025 माह में एक आनलाइन मैकेनिकल संरक्षा सेमिनार आयोजित किया गया, जिससे यात्रिक विभाग से संबंधित गर्म धुरी और ब्रेक बाइंडिंग रोलिंग इन और आउट परीक्षा व हॉट बाक्स डिटेक्टर यंत्र व इसके अनुप्रयोग पर चर्चा हुई। सेमिनार में 50 कर्मचारियों अधिकारियों और पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

### डिवीजन में किया गया निराला जयंती का आयोजन

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर डिवीजन में राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार प्रसार के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसके तहत मंडल हिंदी पुस्तकालय में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन की अध्यक्षता में निराला जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के साहित्य अनुरागी कर्मचारी उपस्थित थे। गुड्स के लोको पायलट राकेश श्रीवास, सीनियर ट्रेन मैनेजर डीएन रवि ने निराला जी की जीवनी एवं साहित्यिक सफर पर प्रकाश डाला। अधीक्षक घनश्याम विश्वकर्मा, कार्यालय अधीक्षक घनश्याम सिंह राज ने उनकी कालजयी कविताओं का पाठ किया। साकेत रंजन ने कहा कि हम साहित्यकारों की जयंतियां मनाकर उनके कालजयी रचनाएं एवं उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। निराला जी के जीवन में हमें यह सीख मिलती है कि इंसान के जीवन में कितनी भी विषम परिस्थितियां आए, उनका मुकाबला संयम एवं धैर्य से करना चाहिए।

**बिलासपुर-प्रयागराज की फ्लाइट से मिल रही सहुलियत** | 12 से 15 हजार की टिकट लेकर पहुंचे श्रद्धालु

# महाकुंभः डेढ़ माह में 14 सौ से अधिक यात्रियों ने की हवाई यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ अलायंस एयर को महाकुंभ के दौरान करोड़ों रूपए का हो चुका है मुनाफा

डेढ़ माह से चल रहे महाकुंभ का समापन हो गया है, श्रद्धा के साथ डुबकी लगाने के लिए बिलासपुर के लोगों ने हवाई यात्रा को चुना और 12 से 15 हजार रूपए की टिकट लेकर प्रयागराज पहुंचे और आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान डेढ़ माह में 1420 लोगों ने बिलासपुर से प्रयागराज की हवाई यात्रा की है। बिलासपुर से प्रयागराज के लिए चल रही फ्लाइट का बिलासपुरवासियों में खासा क्रेज बढ़ चुका है, इसका नतीजा है कि पिछले डेढ़ माह के दौरान 1420 लोगों ने प्रयागराज की टिकट ली है।आम तौर पर बिलासा एयरपोर्ट से प्रयागराज की टिकट का फेयर 3500 के आसपास रहता है, लेकिन महाकुंभ के दौरान यात्रियों की तादात काफी अधिक हो चुकी थी, ऐसे में अलायंस एयर ने फ्लैसी किराया वसूला और यात्रियों ने 12 से 15 हजार रूपए चुकाए। खास बात यह है कि इस दौरान जहां ट्रेन और बसें फुल रहीं थी, वहीं बिलासापुर से प्रयागराज और प्रयागराज से दिल्ली जाने वालों की संख्या में कोई कमी नहीं आई थी।

अलायंस एयर को महाकुंभ के दौरान करोड़ों रूपए का मुनाफा हो चुका है।



### एरोड्रोम कमेटी की हुई बैठक

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में एरोड्रम कमेटी की बैठक गुरूवार को आयोजित की गई। कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में हुई बैठक में बीसीएएस एवं डीजीसीए के गाइडलाइन की चर्चा की गई। जिसमें एसपी रजनेश सिंह समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। ज्ञात हो कि एरोड्रम बैठक साल में दो बार आयोजित की जाती है। जिसमें सदस्यों की जिम्मेदारी एवं भूमिका वास्तविक विमान के आपातकालीन अपहरण जैसी घटना के समय होने वाले स्थिति से बचने और सतर्कता बरतने पर चर्चा की जाती है।

## एसईसीआर से होकर चली 105 स्पेशल



प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एसईसीआर से होकर 105 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया है, जिसमें एसईसीआर से 43 और होकर गुजरने वाली 62 ट्रेनें शामिल हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख शहरों, स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, इतवारी व गोंदिया से स्पेशल ट्रेनों का सफल परिचालन किया गया।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों से कुंभ स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था की, जिससे श्रद्धालुओं को प्रयागराज में कुंभ स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। एसईसीआर से करीब 105 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया, जिसमें बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, इतवारी व गोंदिया जैसे प्रमुख स्टेशनों से 43 ट्रेनें तथा अन्य रेलवे के विभिन्न शहरों से शुरु होकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली 62 कुंभ स्पेशल ट्रेन शामिल है। इन स्पेशल ट्रेनों में से 96 ट्रेनों का अब तक परिचालन किया जा चुका है और 9 कुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन बाकी है। इन ट्रेनों से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के हजारों श्रद्धालु यात्रियों को कुंभ मेले में शामिल होने का अवसर मिला। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने प्रमुख स्टेशन पर विशेष प्रबंध किए। अतिरिक्त हेल्प डेस्क, पेयजल, स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के अलावा रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी की विशेष टीमों के साथ ही रेल कर्मियों, स्काउट एंड गाइड व सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने बेहतर भीड़ प्रबंधन कर कुंभ स्पेशल ट्रेनों के साथ ही स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित की। इसके साथ ही खानपान सेवाओं में भी विशेष ध्यान दिया गया। अधिकृत वेंडरों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए गए।

## शोध व नवाचार आर्थिक विकास और तकनीकी उन्नति को देती है गतिः दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ डॉ. सीवी रमन विवि में दो दिवसीय स्कूल इनोवेशन स्पर्धा का आयोजन



डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा 18 और 19 फरवरी को दो दिवसीय स्कूल इनोवेशन प्रतियोगिता मैराथन का आयोजन किया गया। इसे भारत में शिक्षा मंत्रालय के एआईसीटीई द्वारा इनोवेशन सेल के रूप में चयनित 15 प्रतिष्ठित नोडल केंद्रों के रूप में चुना गया था।

इस कार्यक्रम में 24 राज्यों के 97 पंजीकृत संस्थानों में से 80 स्कूलों ने भाग लिया। जहां युवा प्रतिभाओं ने अपनी नवीन सोच और रचनात्मकता को सबसे साझा किया। नोडल केंद्र के रूप में डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता ने स्कूली छात्रों को अपने अनोखे विचार प्रस्तुत करने और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने नवाचार और शोध की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा शोध और नवाचार आर्थिक विकास और तकनीकी उन्नति को गति प्रदान करते हैं। छात्रों को प्रारंभिक अवस्था से ही खोज, सृजन और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करना उन्हें भविष्य का नेता और पथप्रदर्शक बनाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. एमके तिवारी ने उद्यमशीलता के बढ़ते महत्व पर बल दिया। डॉ. सौरभ मित्रा,डॉ. आयुष अग्रवाल और पल्लवी जायसवाल, धनंजय इंगले, मारुतिनंदन आदि का सहयोग रहा।

### नवाचार व उद्यमिता प्रगतिशील समाज के स्तंभ : कुल सचिव

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने युवा छात्रों में नवाचार केंद्रित मानसिकता विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्हें पारंपरिक सीमाओं से परे सोचने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान विकसित कर सकें। उन्होंने कहा कि नवाचार और उद्यमिता प्रगतिशील समाज के स्तंभ हैं। हम आज जिन युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं, वे कल का भविष्य बनाएंगे।

## भवन परियोजनाओं के शुरु होने से विकास में होगी तेजीः प्रो. चक्रवाल



■ सीयू में 8 भवन परियोजनाओं का भूमिपूजन

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में 26 फरवरी को 8 प्रमुख भवन परियोजनाओं का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल और सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो नीलांबरी दवे ने 8 भवनों की शिलापट्टिका का अनावरण एवं भूमि पूजन कर इन परियोजनाओं की शुरुआत की। यह परियोजनाएं हेफा, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई हैं। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के आनंद सरोवर के पास आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो चक्रवाल ने कहा कि ये परियोजनाएं विवि के अधोसंरचना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विवि के विकास की गति में और तीव्रता आएगी। इन परियोजनाओं के निर्माण से विश्वविद्यालय की शैक्षिक और शोध सुविधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था में समय की आवश्यकतानुसार सुधार होगा, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारीगण को लाभ मिलेगा। कुलपति प्रो चक्रवाल ने कहा कि शिक्षा ज्ञान का माध्यम है। हमारा कर्तव्य है कि हम उच्च कोटि का ज्ञान प्रदान करें। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करते हुए उन्हें प्रगति के चरम तक पहुंचाएं। जिससे वह प्रगति पथ पर अग्रसर होते हुए देश को सशक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान दे सकें। सौराष्ट्र विवि की पूर्व कुलपति प्रो नीलांबरी दवे ने कहा कि इन परियोजनाओं के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय का बुनियादी ढांचा और भी ज्यादा मजबूत होगा। जिससे यहां के शिक्षकों, विद्यार्थी और कर्मचारियों को बेहतर माहौल मिलेगा।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे, घनश्याम, विरेन्द्र कुमार, विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. आरके चौबे ने किया।

**इन परियोजनाओं का किया भूमिपूजनः** इन आठ परियोजनाओं में नवीन प्रशासनिक भवन, शारीरिक शिक्षा विभाग भवन, शिक्षा विभाग भवन, रसायन विभाग भवन, जुलॉजी विभाग भवन, ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग भवन, यूजीसी एमएमटीटीसी भवन और वनस्पति, वन्यजीव एवं पर्यावरण विभाग भवन शामिल हैं।

### बिलासपुर सीआईटीआईआईएस 2.0

## भारत सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करेंगे तोखन




**बिलासपुर।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने जयपुर में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 12 वें क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 3 से 5 मार्च तक राजस्थान के जयपुर में इंटरनेशनल सेंटर में यह आयोजन होगा। ये एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सतत विकास के लक्ष्यों और कार्बन तटस्थता प्राप्त करने की दिशा में सर्कुलर सोसायटियों को आकार देने संबंधी विषय पर केन्द्रित यह कार्यक्रम सर्कुलर इकोनॉमी से जुड़े प्रयासों को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए वैश्विक नेतृत्व और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा।

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बताया कि सीआईटीआईआईएस 2.0 कार्यक्रम को सक्रिय करने के लिए 18 शहरों के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिसमें एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएं शामिल हैं। सीआईटीआईआईएस 2.0, 2023 में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य परियोजनाओं को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करके एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रीत करते हुए एक सर्कुलर इकोनामी को बढ़ावा देना है। इन 18 स्मार्ट शहरों को एक चुनौती प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया था। राजस्थान के जयपुर, उदयपुर सहित बिलासपुर सीआईटीआईआईएस 2.0 के तहत चुने गए 18 शहरों में से छत्तीसगढ़ का एकमात्र शहर है और आगामी परियोजनाओं के लिए भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर करेगा। बिलासपुर को 100 करोड़ रुपए की व्यवहार्यता अंतर निधि प्रदान की जाएगी, जिससे सीआईटीआईआईएस के तहत 500 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि यूएनसीआरडी द्वारा 2009 में शुरू किए गए क्षेत्रीय एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सरकारी अधिकारियों को 3 आर रिड्यूस, रीयूज, रिसाईकल करना और सर्कुलैरिटी को मुख्यधारा में लाने के लिए रणनीतिक नीतिगत इनपुट प्रदान करना है। इसके साथ ही यह फोरम 3 आर में सर्वोत्तम प्रयासों को प्रसारित करने और सभी के साथ साझा करने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा।

## एलआईटी में फार्मेसी उद्यमिता पर सेमिनार



एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** एलसीआईटी महाविद्यालय में फार्मेसी उद्यमिता पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें एलसीआईटी फार्मेसी एवं शहर के अन्य फार्मेसी महाविद्यालय के 150 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

वक्ता दवा निरीक्षक पीयूष जायसवाल, निदेशक लावण्या हेल्थ केयर के डॉ. आदित्य त्रिवेदी, एवं साहिल गांधी शामिल हुए। संस्था के प्राचार्य डॉ. रितेश जैन ने फार्मा उद्योगकता के महत्व एवं आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। श्री जायसवाल ने रिटेल एवं होल सेल फार्मेसी व्यवसाय तथा दवाइयां से संबंधित उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों, फार्म एवं प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दवा लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया शासन ने ऑनलाइन नेशनल ड्रग लाइसेंसिंग सिस्टम पोर्टल के माध्यम से लागू की है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन ने नया रायपुर में फार्मेसी दवा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 142 एकड़ जमीन फार्मास्यूटिकल पार्क के लिए आवंटित की है, जिससे आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में नए दवा उद्योग स्थापित होंगे। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि फार्मेसी के छात्रों को दवा उद्योग लगाने के लिए आगे आना चाहिए। साहिल गांधी ने उद्योजक मानसिकता दृष्टिकोण अपनाने और युवाओं को उद्यमिता की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रमोद जैन एवं अंकित जैन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य संदीप गुप्ता, उपप्राचार्या शुभी श्रीवास्तव एवं एलसीआईटी संस्था समूह के सचिव, उपकार राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

श्रध्दांजली



श्री गिरधारी लाल कौशिक

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
श्री गिरधारी लाल कौशिक पिता स्व. राधेलाल कौशिक
का स्वर्गवास दिनांक 19.02.2025, दिन बुधवार को हो गया है।
जिनका दशगात्र एवं पगबंधी दिनांक 28.02.2025 दिन शुक्रवार
को एवं तेरहवी दिनांक 03.03.2025 दिन सोमवार को होगा।

अतः आप सपरिवार पधारकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

कार्यक्रम स्थल : आजाद चौक, वार्ड क्रं. 09, यातायात नगर परसदा।

विनीत :
रामकुमारी कौशिक (माता)
सियाराम कौशिक (चाचा)
पूर्व विधायक - बिल्हा
मंदाकिनी कौशिक (पत्नी)
तुषार कौशिक (पुत्र), मो.- 8892444440

शोकाकुल :
मुन्ना, शिवकुमार, विदेशीराम, कुष्णकुमार
शत्रुहन, गोपाल, रूपेन्द्र, जितेन्द्र, भूपेन्द्र, सुरेन्द्र
तोरण, महेन्द्र, हरीश, देवेश, पंकज, रोहित, पेमेन्द्र
गीतेश, कान्हा, देवांश, तेजश, कल्प एवं
समस्त कौशिक परिवार, परसदा (बिलासपुर)

प्रतिष्ठान - तुषार इंटरप्राईजेस, रायपुर रोड, परसदा तिफरा, बिलासपुर

27- FEB- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 2/27/2025 11:56 PM Page 1

बिलासपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



वार्षिक उत्सव

## आईसीएआई की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, सखूजा अध्यक्ष



**बिलासपुर।** आईसीएआई की बिलासपुर शाखा का होटल ईस्ट पार्क में वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसमें नई प्रबंध समिति ने शपथ ग्रहण किया। नई कार्यकारिणी में सीए मनीष सखूजा को अध्यक्ष, मंगलेश पांडे उपाध्यक्ष, उदय चौरसिया सचिव, प्रखर बंसल को कोषाध्यक्ष, मिली डे को सिकासा अध्यक्ष चुना गया। अविनाश टुटेजा को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है। कार्यक्रम में इन सभी पदाधिकारियों ने शपथ ली ।

### बिलासपुर ब्रांच को मिला अवार्ड

हाल में ही सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल ऑफ़ द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ़ इण्डिया की ओर से अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया था।बिलासपुर ब्रांच को हाइली रिकमेंडेड ब्रांच ऑफ सीआईआरसी का अवॉर्ड दिया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बिलासपुर सीए शाखा के सभी पूर्व अध्यक्ष एवं सीनियर मेंबर्स आदि मौजूद रहे ।

कार्यक्रम

## झूलेलाल मंदिर में नि :शुल्क सामूहिक विवाह,समिति ने दिया उपहार



**बिलासपुर ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर झूलेलाल मंदिर श्री सिंधु अमरधाम आश्रम चकरभाठा में आठ जोड़ो का निःशुल्क सामुहिक विवाह संपन्न हुआ। सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज ने बताया की इसमें समिति परिवार शामिल होकर भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना कर बारात मे शामिल हुए। बारात में भगवान भोलेनाथ की सजीव झांकी, उसके पीछे सुंदर रथ में संत साईं लालदास सभी भक्तजनों को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे,उसके बाद आठ गाड़ियों में दूल्हे विराजमान थे। इस बारात का जगह-जगह आतिशबाजी फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इसमें मधुर आवाज में सिंधी भजन व गीतों पर शानदार प्रस्तुति हुई सभी आए हुए मेहमान झूम उठे। सिंधी युवक समिति के अध्यक्ष मनीष लाहोरानी, संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज, संरक्षक कैलाश मलघानी,संरक्षक मनोहर खट्वानी, मोहन मदवानी, ओमप्रकाश मनचंदा को संत साईं लालदास ने आशीर्वाद लिया।

आयोजन

## हवन, कपिला दर्पण, सहस्त्रधारा के साथ भागवत कथा का समापन



**बिलासपुर।** सागा ले आउट कालोनी शुभम विहार में चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का समापन हवन, कपिला दर्पण, सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोजन व भंडारा के साथ समापन हुआ। हवन, पूर्णाहुति कथा वाचक वैदिक पं. राजेश्वर दुबे के सानिध्य में संपन्न हुई। कथा की शुरूआत विगत 20 फरवरी से कलश यात्रा के साथ हुई थी। हर दिन अलग-अलग प्रशंग में कथा का वाचन किया जाता रहा। कथा सुनने प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी। आज के आयोजन में मनोहर लाल मिश्रा, रश्मि लता मिश्रा, संजना मिश्रा, मीनु दुबे, अर्चना तिवारी, शशि तिवारी, अर्चना शुक्ला सहित पूरे मिश्रा व बाजपेई परिवार का की उपस्थिति रही।

# होलाष्टक 7 मार्च से, शुभ कार्यों पर लगेगा विराम



**बिलासपुर।** होलाष्टक होली त्योहार से आठ दिन पहले शुरू होता है। ऐसा माना जाता है कि होलाष्टक के दौरान आशीर्वाद भी व्यर्थ हो जाता है। सभी आठ ग्रह अशुभ हो जाते हैं। ग्रहों की स्थिति शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं होती है। यदि किसी भी तरह के शुभ कार्य किए जाते हैं, तो उनमें बाधाएं आती हैं।

यही वजह कि लोग इस समय किसी भी तरह के अच्छे काम को करने से बचते हैं। इसके पीछे ज्योतिषीय कारण से लेकर धार्मिक मान्यताएं भी शामिल है। होलाष्टक शब्द दो शब्दों 'होली' और 'अष्टक' से बना है। इसका अर्थ आठ है। यह अवधि फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से लेकर पूर्णिमा तक होती है। इस साल होलिका दहन 13 मार्च की रात को है। जबकि इसके अगले दिन 14 मार्च को रंगों वाली होली खेली जाएगी। इसके अनुसार होलाष्टक की शुरुआत 7 मार्च शुक्रवार से हो रही है।

रंगों का पर्व होली अब एकदम निकट है। इससे पहले 7 मार्च से होलाष्टक लग रहा है। इस दौरान कोई भी शुभ कार्य विवाह, सगाई, मुंडन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान नहीं होंगे। 13 मार्च गुरुवार को होलाष्टक की समाप्ति होगी।

## अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तिथि 13 मार्च तक





### शुभ कामों में पड़ता है बुरा असर

होलाष्टक में आठ ग्रह उग्र हो जाते हैं, इसलिए शुभ काम नहीं होते है। ज्योतिषियों के अनुसार हर दिन एक ग्रह उग्र रहता है। इस उग्रता से शुभ कामों पर बुरा असर पड़ता है। जीवन में कई समस्याएं भी आ सकती हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अष्टमी को चंद्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल और पूर्णिमा को राहु उग्र होते हैं, इसलिए होलाष्टक के 8 दिनों में शुभ काम नहीं किए जाते हैं।

## श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में रुद्राक्ष वितरण



**बिलासपुर।** सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया गया, इस अवसर पर प्रातः 5 बजे से महारुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ जो कि दूसरे दिन प्रात 5 बजे तक निरंतर चलता रहा। इसी कड़ी में रात्रि कालीन चार पहर रुद्राभिषेक पूजन किया गया। महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ को अर्पित अभिमंत्रित रुद्राक्ष का निःशुल्क वितरण प्रातः 5 से निरंतर किया गया। इस अवसर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूजन एवं रुद्राक्ष ग्रहण के लिए लोग मंदिर पहुंचे रुद्राक्ष महोत्सव में काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री महारुद्राभिषेक विशेष रूप से प्रयागराज से पधारे ब्राह्मणों के द्वारा संपन्न हुआ।

## 45वें वर्ष पर शिव मंदिर में महा रुद्राभिषेक किया गया



**बिलासपुर।** शास्त्री फार्म हाउस नगोई, बैमा स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक एवं सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक गणेश शास्त्री ने बताया कि 1980 से इस मंदिर में पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक किया जा रहा है। आज 45 वां वर्ष संपन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए, पूजा के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गणेश शास्त्री, भानू शास्त्री, घनश्याम शास्त्री, राजिव शास्त्री, आकाश शास्त्री, आदित्य शास्त्री, राघव शास्त्री, सम्राट शास्त्री, राघवेंद्र जितेंद्र शास्त्री एवं समस्त शास्त्री परिवार नगोई बैमा द्वारा किया गया।

## जेसीआई ने महाभंडारे का किया आयोजन



**बिलासपुर।** जेसीआई बिलासपुर स्टार कैपिटल द्वारा सिम्स हॉस्पिटल के सामने महाशिवरात्रि पर विशाल भंडारे का सफल आयोजन किया गया जिसका तीन सौ से अधिक मरीज़,उनके परिजनों एवं लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा और भक्ति भाव को बढ़ावा देना था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महादेव जी के प्रसाद का आनंद लिया और इस सेवा कार्य में योगदान दिया। इस अवसर पर जेसीआई के अध्यक्ष सदस्य दशप्रीत सिंह, पूर्व अध्यक्ष सेन रोहन शाह, सचिव डॉ. नौशीन रिज़ा, चंप्रीत सिंह, सुमेश जायसवाल, रुचिका अग्रवाल , जसपाल बग्गा,डॉ. प्रतीक क्षेत्रपाल, रबजोत सिंह, सरबजोत सिंह, श्रेया राव, जसलीन कौर आदि उपस्थित थे।

## गौ सेवकों ने किया पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक रूद्राभिषेक, महाआरती हुई

**बिलासपुर।** बिलासपुर गौसेवा धाम में गौ सेवकों ने 12 ज्योतिर्लिंग पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक रूद्राभिषेक किया। आयोजन का उद्देश्य गौ हत्या पूर्ण रूप से बंद कराने एवं जन मानस का कल्याण करना रहा।

गौ सेवक गोपाल कृष्ण रामानुज दास ने कहा कि भूत भावन भगवान भोले नाथ के अति प्रिय नंदी महाराज ही है। जिस नंदी को स्वयं शिवजी नंदीश्वर के रुप में पुजते है और सदैव धर्म ध्वज धारण करें रहते हैं। गौ सेवा धाम में बीमार एक्सीडेंट गौ वंशों की सेवा होती है। जहां शिवजी का 31 प्रकार के द्रव्य व वैदिक मंत्रोच्चार से अभिषेक किया गया। 11 प्रकार के अन्न व विभिन्न प्रकार के फल फूल अर्पित किए गए। आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की गई। भक्तों को रुद्राक्ष व भोग प्रसाद का वितरण कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस मौके पर बिलासपुर गौ सेवा धाम के संचालक विपुल शर्मा, शत्रुहन कृष्ण, हिमांशु शर्मा, विकास यादव, आशीष सोनी, विकास शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया





### रामसेतु.हनुमान सेवा समिति ने किया शिव बारात का स्वागत

श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा रामसेतु चौक में क्षत्रिय समाज द्वारा निकाली गई महादेव भगवान के बारात में शामिल लोगों का ठण्डा पिला कर स्वागत किया गया। इस मौके पर महापौर पूजा विधानी सहित समिति के सभी सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स न्यूज

एलसीआईटी और केआर लॉ कालेज के मध्य होगा फाइनल मैच

# एलसीआईटी लॉ विभाग डीपी लॉ कालेज को हराकर पहुंचा सेमीफाइनल में

विधी खेल महोत्सव में एलसीआईटी कालेज विधी विभाग डीपी लॉ कालेज टीम को सेमीफाइनल मैच में 6 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया,इस विधी खेल महोत्सव मे एलसीआईटी लॉ विभाग, डी पी लॉ कालेज, के आर लॉ कालेज, गुरुघासी दास यूनिवर्सिटी ला विभाग, चौकसे लॉ विभाग की टीम प्रतियोगिता में शामिल थी।

**बिलासपुर।** क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की तीन दिवसीय विधी खेल महोत्सव क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन चौकसे कालेज में किया जा रहा रात्रिकालीन मैच में टॉस जीतकर डीपी लॉ कालेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर के मैच में 7 विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाएं।

सलामी बल्लेबाज लक्कू ने 29 बॉल पर 6 छक्के की मदद से 50 रन वनाएं वही 90 के लक्ष्य का पीछा करते हुए एलसीआईटी लॉ विभाग की टीम 4 विकेट गवाकर 90 रन 8 ओवर में ही बना लिया। एलसीआईटी की तरफ से शंकर ने 19 बॉल पर 9 छक्के की मदद से 52 रन बनाये और आशीष ने 15 बॉल पर 29 रन बनाएं जिसमें 2 छक्के शामिल है। गेंदबाजी मे भी आशीष ने 3 ओवर मे 19 रन देकर 3 विकेट लेकर



मैच जीताया और हरफ़नमौला खेल प्रदर्शन से टीम को फाइनल मे पहुंचाया। विधी खेल महोत्सव क्रिकेट का फाइनल मुकाबला एलसीआईटी और केआर लॉ कालेज के मध्य खेला जाएगा।

एलसीआईटी के विजेता होने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय,एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, इंजिनिरिंग विभाग उपप्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी प्राचार्य डॉक्टर रितेश जैन,एलसीआईटी कालेज ऑफ़ फार्मेसी प्राचार्य डॉक्टर संदीप शुक्ला, कॉमर्स एंड साइंस उपप्राचार्य अभिनव पाल ने शुभकामनाएं दी।

### छग स्कूल के बास्केटबॉल मैदान में फिर से खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर

बृहस्पति बाजार स्थित शहर का पुराना बास्केटबॉल मैदान खिलाड़ीयों के लिए दोबारा बनकर तैयार हो गया है। नवनिर्मित बास्केटबॉल मैदान का आज अतिथियों द्वारा उद्धघाटन किया जाएगा। बास्केटबॉल संघ के सचिव अमित मंडल ने बताया की छत्तीसगढ़ स्कूल के प्रांगण में स्थित बास्केटबॉल कोर्ट जो कि जीर्णोद्धार के पश्चात पुनः बनकर तैयार हुआ है, इसका उद्धघाटन आज शाम को 6 बजे किया जाएगा। इस पर एक मैत्री मैच फाइटिंग पैंथर एवं शिकागो बुल्स के बीच खेल जाएगा।



**30 के दशक में खूब था जलवा, बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरू किया था कॅरियर**

# 6 बच्चों के पिता से एक्ट्रेस को हुआ था प्यार बिन ब्याही मां बनी तो अपनाने से इंकार

*नई दिल्ली। यहां आपको एक ऐसी एक्ट्रेस की दुखभरी कहानी बताने जा रहे हैं, जिसने हिंदी सिनेमा को एक बड़ी सुपरस्टार दी। वह खुद भी बड़ी स्टार रही, लेकिन निजी जिंदगी में इतने जुल्म और ताने सहे कि जानकर कोई भी सिहर उठे। प्यार के हाथों मजबूर होकर इसने 6 बच्चों के बाप से शादी की थी, पर क्या पता था कि वही इसे अपनाने से इनकार कर देगा और सारे रिश्ते तोड़ लेगा। इस एक्ट्रेस की बेटी को भी पति ने नहीं अपनाया था और नाजायज करार दिया। और तो और इसके पति ने 78 साल की उम्र में तीसरी शादी कर ली थी। इस एक्ट्रेस का 30 के दशक में खूब जलवा था। इसने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट करियर शुरू किया था और पहली ही फिल्म में छोटी सीता का किरदार निभाया था। लेकिन, साल 1947 में आई फिल्म 'मिस मालिनी' से हर तरफ छा गई थीं। इस एक्ट्रेस की दो शादियां हुईं, और दोनों ही टूट गईं। दूसरे पति ने तो इस एक्ट्रेस को पत्नी का दर्जा देने से ही इनकार कर दिया था और जिंदगी भर पाई-पाई को मोहताज रखा।*



### बेटियों को नाम देने से इनकार

पुष्पावल्ली ने फिर जैमिनी से शादी करने को कहा, पर उन्होंने इनकार कर दिया। और तो और बेटी रेखा को भी अपना नाम देने से इनकार कर दिया। अखबारों में जेमिनी गणेशन और पुष्पावल्ली के रिश्ते की खबरें आने के बाद रेखा को उनकी नाजायज बेटी कहा जाने लगा। पर इससे भी जेमिनी गणेशन पर फर्क नहीं पड़ा और रेखा ताउम्र पिता के प्यार को तरसती रहीं। वह अपने बाकी बच्चों को स्कूल छोड़ने और लेने जाते, तो रेखा को नजरअंदाज कर देते थे।



### पाई-पाई को हुईं मोहताज

पुष्पावल्ली ने बेटियों के लिए फिल्मों में काम करना जारी रखा। वह दोनों बच्चियों को सेट पर साथ ले जाती थीं। लेकिन, जल्द ही उनका फिल्मों में स्ट्रगल शुरू हो गया, और छोटे-मोटे रोल ही मिलते। स्थिति ऐसी आ गई कि पुष्पावल्ली पाई-पाई को मोहताज हो गईं। तब छोटी सी रेखा को मजबूरी में फिल्मों में आना पड़ा ताकि परिवार का गुजारा चल सके। खुद रेखा ने भी एक इंटरव्यू में यह खुलासा किया था कि वह एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं, लेकिन मजबूरी उन्हें फिल्मों में ले आई।

### बिन ब्याही दो बेटियों की बनीं मां

पुष्पावल्ली ने जेमिनी गणेशन से प्यार तो किया, पर कभी उनकी पत्नी नहीं बन पाईं। जेमिनी ने पहले पति से तलाक नहीं लिया था, क्योंकि उस दौर में इसे मान्यता नहीं मिली थी। पर पति से अलग रहते हुए भी वह जेमिनी के साथ रिलेशनशिप में रहीं और बेटी रेखा को जन्म दिया। जेमिनी पहले से शादीशुदा थे, पर उन्होंने पुष्पावल्ली के लिए पत्नी को छोड़ने से इनकार कर दिया और पुष्पावल्ली संग रिश्ता रखा। इसी दौरान पुष्पावल्ली ने एक और बेटी को जन्म दिया।

### रंगचारी से की पहली शादी, नहीं चला रिश्ता

इनका नाम था पुष्पावल्ली, जो 30 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रहीं और 60 के दशक तक फिल्मों में खूब काम किया। पुष्पावल्ली, एक्ट्रेस रेखा की मां थीं। उन्होंने पहली शादी साल 1940 में आई. वी. रंगचारी से की थी, पर यह रिश्ता नहीं चला और दोनों ने साल 1946 में अलग रहना शुरू कर दिया। रंगचारी से शादी के बाद पुष्पावल्ली दो बच्चों की मां बनी थीं, पर ससुरालवालों को उनका फिल्मों में काम करना पसंद नही था। इसी वजह से पुष्पावल्ली और रंगचारी के बीच मतभेद पैदा गए और दोनों अलग रहने लगे।

**पुष्पावल्ली ने जैमिनी से तोड़ लिए सारे रिश्ते** : पुष्पावल्ली भी जेमिनी गणेशन के इस रवैये से टूट गई थीं। जेमिनी ने तो उन्हें पत्नी का दर्जा दिया और ना ही सुख। जैमिनी ने फिर गुपचुप तीसरी शादी कर ली, और उस वक्त उनकी उम्र 78 साल थी। इसके बाद तो पुष्पावल्ली बुरी तरह टूट गईं। उन्होंने जैमिनी के साथ अपने सारे रिश्ते-नाते तोड़ दिया। पेट पालने और दोनों बेटियों की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर आ गई।

### 6 बच्चों के पिता जेमिनी गणेशन से किया प्यार

इसी दौरान पुष्पावल्ली की मुलाकात एक्टर जेमिनी गणेशन से हुई। दोनों ने एक फिल्म में साथ काम किया था, जिसमें उनकी जोड़ी खूब पसंद की गई। इसी के बाद जेमिनी और पुष्पावल्ली एक-दूसरे से प्यार कर बैठे। पुष्पावल्ली पहले से शादीशुदा और दो बच्चों की मां थीं, वहीं जेमिनी भी दो शादियां कर चुके थे और 6 बच्चों के पिता था।

## हॉलीवुड मसाला



### 'गॉसिप गर्ल' में निभाई भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** मिशेल ट्रैचेनबर्ग एक अमेरिकी अभिनेत्री थी, जिनके निधन की खबर मिलते ही अमेरिकन सिने इंडस्ट्री में हलचल मच गई। 'गॉसिप गर्ल' जैसे तमाम सीरीज से चर्चित इस एक्ट्रेस का 39 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एक्ट्रेस मिशेल ट्रैचेनबर्ग का जन्म न्यूयॉर्क में हुआ था। इन्होंने 1991 में न्यूयॉर्क में ही उन्हें 'लॉ एंड ऑर्डर' सीरीज के एक एपिसोड से अभिनय कॅरियर की शुरुआत थी। फिर मिशेल ने 1996 में 'हैरियर द स्पाई' फिल्म में पहली बार मुख्य भूमिका में नजर आई थी।



### एंड्रयू और ट्रिस्टन के ऊपर से हटा बैन...

**लॉस एंजिल्स।** इंफ्लुएंसर भाई एंड्रयू टेट और ट्रिस्टन टेट ने रोमानिया छोड़कर अमेरिका का रुख किया है। अधिकारियों के मुताबिक उनके ऊपर से यात्रा प्रतिबंध हटा लिया गया है। इन भाइयों पर मानव तस्करी और महिलाओं का यौन शोषण करने के लिए आपराधिक गिरोह बनाने का इल्जाम है। भाइयों का जाना तब हुआ जब रोमानिया के विदेश मंत्री एमिल हुरेज़ेनु ने इस महीने कहा कि मौजूदा ट्रम्प प्रशासन के तहत एक अमेरिकी अधिकारी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में रोमानिया में भाइयों के कानूनी मामले में रुचि जाहिर की थी। मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह दबाव के जैसा नहीं था। एंड्रयू टेट पर पीड़ितों में से एक के साथ दुष्कर्म करने का भी इल्जाम लगा था, जबकि उनके भाई ट्रिस्टन पर दूसरों को हिंसा के लिए उकसाने का आरोप लगा था।

## टीवी मसाला




### तेजस्वी प्रकाश बन गईं 'पू' उषा नाडकर्णी पर गिरेगी गाज!

**नई दिल्ली।** सोनी टीवी पर टेलिकास्ट होने वाला कुकिंग शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इसमें मिलने वाले चैलेंज के अलावा कंटेस्टेंट्स की आपस में लड़ाई, फराह खान के बयान और दीपिका कक्कड़ का शो छोड़ना... इन सबको लेकर खूब चर्चा हुई है। लेटेस्ट रिपोर्ट ये है कि आयशा जुल्का के बाद अब एक और एविक्शन होने वाला है। इसके अलावा तेजस्वी प्रकाश का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो 'कभी खुशी कभी गम' की पू यानी करीना कपूर की तरह स्टाइल और डायलॉग मारती दिख रही हैं। पहले आपको तेजस्वी प्रकाश का फनी वीडियो दिखाते हैं। इसमें वो वैनिटी वैन में हैं और मेकअप करवा रही हैं। तभी क्रू मेंबर उन्हें आने के लिए कहता है तो वो पू के स्टाइल में बोलती हैं, 'ये कौन है सुबह-सुबह जो पू को डिस्टर्ब कर रहा है, जल्दी कहो मेरे पास टाइम नहीं है।' इसके बाद तेजस्वी उसी अंदाज में और भी कई डायलॉग्स बोलती हैं। उन्होंने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'प्लीज डोंट डिस्टर्ब ओके।' इस शो से जो बड़ी खबर सामने आ रही है, वो ये है कि आयशा जुल्का के बाद एक और एविक्शन होने वाला है। बताया जा रहा है कि दिग्गज एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी को बाहर कर दिया गया है।

### 'एक बदनाम आश्रम सीजन 3' का दूसरा पार्ट रिलीज

**नई दिल्ली।** जिस घड़ी का फैंस को इंतजार था, आखिर वो आ ही गई। बॉबी देओल की फेमस वेब सीरीज 'आश्रम' के तीसरे सीजन का पार्ट 2 रिलीज हो गया है। 27 फरवरी को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर 5 एपिसोड स्ट्रीम कर दिए गए हैं। इसी के साथ सोशल मीडिया पर भी प्रकाश झा के वेब शो की चर्चा होने लगी है। एक फैन ने ट्वीट किया, 'बाबा निराला की सदा ही जय हो। आश्रम 3 पार्ट 2 सुपर्ब है। एक भी सिंगल डल मोमेंट नहीं है। बॉबी देओल ने लाइमलाइट चुरा ली है। उम्मीद है कि चौथा सीजन भी होगा।' 'आश्रम' वेब सीरीज का पहला और दूसरा सीजन दोनों ही साल 2020 में रिलीज किए गए थे। इसके बाद दूसरा सीजन साल 2022 में आया। तबसे ही फैंस अगले पार्ट के लिए बेकरार थे। कहा जा रहा है कि इस सीजन में वो हुआ है, जो पिछले तीन सीजन में नहीं हुआ।




### भारत में स्विमिंग से डरती हूं...

**मुंबई।** हाल ही में दिग्गज अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपने जीवन से जुड़ी कुछ घटनाओं को साझा किया है। इसी बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वह एक ट्रेंड स्वीमर हैं, जिन्हें विदेशों में तैराकी के रोमांच का अनुभव करते अक्सर देखा जाता है। लेकिन, भारत में स्विमिंग ना करने को लेकर एक्ट्रेस ने एक खुलासा किया है।



सोनाक्षी ने कहा कि बड़े होने पर उन्हें हमेशा स्विमसूट पहनने में असहज महसूस हुआ। इसीलिए वह कहती हैं कि हमने मुंबई या भारत देश में स्विमिंग नहीं की। पता नहीं कब कौन चुपके से तस्वीर लेकर शेयर कर देगा और इस तरह वह इंटरनेट पर जा छा जाएगी। उन्होंने बताया कि एक बार उन्हें उनके वजन को लेकर अभिनय के लिए मना कर दिया था। वह कहती हैं कि इस बात का उन्हें बहुत बुरा लगा था, फिर घर जाते ही वह अपने मासी से लिपटकर रोने लगी थी। इसके बाद एक्ट्रेस ने कहा कि वजन हमेशा घटता-बढ़ता रहता है, युवा लड़कियों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अपने शरीर से नफरत नहीं करनी चाहिए और खास तरह की दिखने के लिए उसमें कोई बदलाव ना करें। साल 2010 में सलमान खान के साथ 'दबंग' फिल्म से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। सोनाक्षी को आखिरी बार 2024 में 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'कुकड़ा' फिल्मों में देखा गया था। हाल ही में रिलीज हुई 'हीरामंडी' फिल्म में भी यह एक्ट्रेस नजर आई थी।

### सम्मान में बदल दिया गांव का नाम...

**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता इरफान खान अपने सिनेमा के जरिए आज भी लोगों की यादों में हैं। फैंस को उनकी कमी खलती है। अभिनय के साथ-साथ वे अपनी नेकी के लिए भी मशहूर रहे।



महाराष्ट्र के एक गांव ने अभिनेता को अनोखे अंदाज में श्रद्धांजलि दी है। इस गांव के लोगों ने इरफान के याद में अपने गांव का नामकरण ही कर लिया है। इरफान खान ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के इस गांव के लोगों की खूब मदद की। अभिनेता के इस योगदान के सम्मान का गांव वालों ने अनोखा तरीका चुना। दरअसल, इगतपुरी तहसील में ऐतिहासिक त्रिलंगवाड़ी किले के पास एक मोहल्ले को पहले पटरियाचा वाडा के नाम से जाना जाता था। इसका नाम बदलकर दिवंगत अभिनेता के सम्मान में 'हीरो ची वाडी' कर दिया गया है। इसका मतलब है 'हीरो का पड़ोस'। करीब 15 वर्षों तक इरफान इस गांव में एक फार्महाउस के मालिक थे। ग्रामीण समुदाय की भी उन्होंने काफी मदद की थी। दिवंगत अभिनेता ने गांव में एंबुलेंस मुहैया कराईं। कंप्यूटर और किताबें दान कीं। खराब मौसम के दौरान बच्चों को रेनकोट और स्वेटर मुहैया कराए। उन्होंने स्कूल निर्माण के लिए भी आर्थिक सहयोग दिया।

29 अप्रैल 2020 को न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर नाम का कैंसर के चलते इरफान दुनिया को अलविदा कह गए।

### अनिल कपूर निर्मित माहिर की डॉक्यूमेंट्री 'बज़' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** सुपरस्टार अनिल कपूर द्वारा निर्मित, 'बज़' मुंबई की गलियों से उभरे प्रसिद्ध टैटू कलाकार एरिक डिसूज़ा की असाधारण यात्रा को दर्शाती है युवा फ़िल्म निर्माता माहिर खान की डॉक्यूमेंट्री 'बज़' का बेहद मार्मिक ट्रेलर रिलीज़ हो गया है और इसमें भारत के सबसे मशहूर टैटू कलाकारों में से एक एरिक डिसूज़ा की यात्रा की झलक दिखाई गई है।



अनिल कपूर फ़िल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क द्वारा निर्मित इस डॉक्यूमेंट्री में एरिक द्वारा मुंबई की गलियों से उभर कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि पाने तक के असाधारण सफ़र को दिखाया गया है। 'बज़' 28 फ़रवरी को जियो हाटस्टार पर रिलीज़ होगी। इस डॉक्यूमेंट्री को माहिर ने एक बेहद गहरे और व्यक्तिगत नज़रिए से फ़िल्माया है, जो कला, व्यक्तिगत पहचान और अदम्यता के बीच पनपते जीवन का वर्णन करता है। 'एरिक की कला सतही नहीं है। इसमें अर्थ की कई परतें हैं और हर बार जब वह अपने शिल्प का अभ्यास करते हैं , तो वह वो कुछ ऐसा कहते हैं जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ सार्वभौमिक भी होता है।' माहिर कहते हैं, जिन्हें कहानी कहने का जुनून अपने पिता और थिएटर लेखक फ़िरोज़ अब्बास खान से विरासत में मिला है। एरिक कहते हैं, 'मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं माहिर और उनके दल लिए उनकी डॉक्यूमेंट्री का विषय मात्र हूं। वे ऐसे सह-यात्री थे, जिनके दिल में मेरी कहानी के प्रति गहरा सम्मान था। उन्होंने बहुत संवेदनशीलता दिखाते हुए मेरी निजी चुनौतियों और सफलता को पाने तक कि मेरी यात्रा को समझा और फिल्म में उतारा। यह डॉक्यूमेंट्री सिर्फ़ मेरी यात्रा के बारे में नहीं है, बल्कि यह कला की परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में भी है। ये बताती है की कैसे कला हमें नया जीवन दे सकती है और हमें दर्द, आघात और सामाजिक बाधाओं से परे जाने में भी मदद कर सकती है।

### वो बॉलीवुड एक्ट्रेस, जो थीं राज कपूर की बहन और पहली कलर फिल्म की हीरोइन, मगर नहीं बनीं कभी मां

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस, जिसने कभी एक्ट्रेस बनने का ख्वाब नहीं देखा। लेकिन, किस्मत ऐसी पलटी की सीधे राज कपूर ने फिल्म में ले लिया और हीरोइन बना दिया। कई दशक इंडस्ट्री में राज किया और पहली टेक्नीकलर फिल्म की हीरोइन बन गईं। बरसात, आन उड़न खटोला, बसंत बहार मेरे महबूब और लव एंड गॉड जैसी फिल्मों से 1949 से 1965 तक इंडस्ट्री पर राज करने वाली एक्ट्रेस निम्मी, हमारे बीच नहीं हैं। 2020 में उनका मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 88 साल की थीं।

#### असली नाम था नवाब बानो

निम्मी का असली नाम नवाब बानो था। इस नाम को रखने के पीछे भी एक दिलचस्प किस्सा है। खुद एक्ट्रेस ने बताया था कि उनके नाना जमींदार थे, वह ब्रिटिश सरकार से नवाब का खिताब चाहते थे, लेकिन नहीं मिला। सरकार हर बार टाल देती थी। जब निम्मी पैदा हुईं तो नानी ने नाना से कहा कि बधाई हो! बच्चा हुआ है। तो नाना ने कहा फौरन उसका नाम नवाब रख दो। नानी ने कहा कि लड़का नहीं, लड़की हुई है तो भी नाना ने कहा कि जो भी हो, लड़का हो या लड़की। उसका नवाब नाम रखो। ऐसे एक्ट्रेस का नाम नवाब बानो रखा गया।



#### *राज कपूर को बांधती थीं राखी*

*'फिल्मफेयर' को निम्मी ने बताया था, 'शुरू में, मैं राजजी से डरती थी। मुझे सहज महसूस कराने के लिए, एक दिन उन्होंने एक कलावा लिया और कहा, क्या तुम राखी का मतलब समझती हो? इस धागे को मेरे हाथ पर बांध दो। तब से मैं हर साल राजजी को राखी बांधती हूं।'*

#### *बहन के बेटे को पाला*

*निम्मी ने एस अली रजा से शादी की थी। इनके कोई बच्चे नहीं थे। इनके पति लेखक थे, जिनका 2007 में निधन हो गया था। हालांकि, इन्होंने अपनी बहन के बेटे को पाला था। वह उनकी मां थीं। 'मेरी छोटी बहन कम उम्र में ही गुजर गई। उसकी आखिरी इच्छा थी कि मैं उसके बेटे का पालन-पोषण करूं। इसलिए मैं परवेज को पाकिस्तान से यहां ले आई।'*

### 'कायदे में रहो तो फायदे में रहोगे' सिकंदर का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म 'सिकंदर' का दर्शक सांसे थामकर इंतजार कर रहे हैं। गुरुवार को फैंस को एक तोहफा जरूर मिल गया है। 'सिकंदर' का टीजर जारी हो चुका है।



सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से टीजर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'जो दिलों पर करता है राज, वो आज कहलता है सिकंदर'। टीजर की शुरुआत में सलमान खान की आवाज आती है, 'दादी ने नाम सिकंदर रखा था। दादा ने संजय और प्रजा ने राजा साहब'। इसके बाद दूसरी आवाज आती है, 'अपने आप को बहुत बड़ा सिकंदर समझता है। इंसाफ दिलाएगा तू'? सलमान कहते हैं, ' इंसाफ नहीं, हिसाब करने आया हूं। कायदे में रहो, फायदे में रहोगे'।

**बेदखली सूचना**

हम महेश कुमार शुक्ला पिता स्व. शिवाकांत शुक्ला उम्र 69 वर्ष एवं श्रीमती रमा शुक्ला उम्र 65 वर्ष निवासी MIG-02, फेस-03 अलका एवेन्यू उसलापुर बिलासपुर छ.ग के है। हम हमारे पुत्र नितीन कुमार शुक्ला को अपने व्यक्तिगत कारणो से अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से आज दिनांक-27/02/ 25 से बेदखल कर अपने से पृथक करते है। उससे अब हमारा कोई सारोकार नहीं है।

भवदीय
महेश कुमार शुक्ला,
श्रीमती रमा शुक्ला

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दुर्गापुरी गोस्वामी उम्र 53 वर्ष पति स्व. मंगलपुरी गोस्वामी, निवासी-कुदुदण्ड बिलासपुर, थाना सिविल लाईन, पानी टंकी के सामने, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ, मेरा एकमात्र पुत्र विकासपुरी गोस्वामी उम्र 36 वर्ष है जो अत्यधिक नशे का आदि है तथा उसका मानसिक स्थिति ठीक नहीं है जिसे सेंदरी मेंटल हास्पिटल में भर्ती किया गया था फिर भी वह पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है। मेरे पुत्र विकासपुरी गोस्वामी से कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार से जमीन संबंधी या व्यक्तिगत या निजी रूपयो की लेन-देन न करे यदि किया जाता वह अवैधानिक माना जावेगा एवं जो लेने-देन मेरे पुत्र विकासपुरी गोस्वामी से करेगा तो उसकी नुकसानी की जिम्मेदारी स्वयं उस व्यक्ति की होगी। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र विकासपुरी गोस्वामी से किसी प्रकार का जमीन या निजी रूपयो का लेन-देन न करें अन्यथा उसकी नुकसानी की जिम्मेदारी उसकी स्वयं होगी तथा उसके संबंध में किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति अमान्य होगी।
दिनांक : 27/02/2025 बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय- दुर्गापुरी गोस्वामी
पति स्व. मंगलपुरी गोस्वामी,
निवासी- कुदुदण्ड बिलासपुर,
थाना सिविल लाईन, पानी टंकी के सामने,
तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 8519073591

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक बिल्हा, तहसील बिल्हा/बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/क्यू/रा.नि./2024
बिल्हा, दिनांक 27.02.2025
प्रति, आवेदक/ आवेदिका भागबाई पति शेरसिंह नि.सा. भटचौरा तहसील मस्तुरी आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूमिस्वामी
विषयः मौका जांच/ सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिल्हा/ बोदरी/ ज्ञापन क्रमांक/ /क./तह. वाचक/ 2024 बिल्हा, दिनांक 16.01.2025
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका भागबाई पिता/ पति शेरसिंह निवासी भटचौरा मस्तुरी के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिल्हा/ बोदरी में मौजा बिल्हा प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बिल्हा/ बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 305/17 व 305/14 रकबा 0.60, 0.20 ए. का सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन किया गया है।
संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 6.03.2025 को समय 12.00 से 5.00 बजे से किया जाना है। अतः आप अपनी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि को स्थल पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बिल्हा
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं सुधांशु श्रीवास आयु 24 वर्ष पिता श्री कृष्ण कुमार श्रीवास, जाति नाई, निवासी ग्राम मोहरा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर का हूं, जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि
1. यह कि मैं उपर वर्णित नाम एवं पते का मूल निवासी हूं। 2. यह कि मेरा नाम आधार कार्ड एवं अन्य औपचारिक दस्तावेजों पर वास्तविक नाम सुधांशु श्रीवास पिता श्री कृष्ण कुमार श्रीवास दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। 3. यह कि मेरा घरेलु नाम शुभू पिता कृष्ण कुमार श्रीवास के नाम से जाने व पहचाने जाते है, तथा यही नाम जमीन संबंधी राजस्व दस्तावेजों पर अंकित हो गया है। 4. यह कि मैं जमीन संबंधी दस्तावेजों पर अपना वास्वतिक नाम सुधांशु श्रीवास पिता श्री कृष्ण कुमार श्रीवास नाम से सुधार कराना चाहता हूं जिसके लिए समाचार प्रकाशन हेतु यह शपथपत्र दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम होने हेतु निष्पादित किया हूं।
यदि मेरे दोनों नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/ बैंक को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

शपथकर्ता- सुधांशु श्रीवास
**सत्यापन**
मैं, सुधांशु श्रीवास उपरोक्त शपथपत्र में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।
शपथकर्ता- सुधांशु श्रीवास

**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं दीपांशु श्रीवास आयु 20 वर्ष पिता श्री कृष्ण कुमार श्रीवास, जाति नाई, निवासी ग्राम मोहरा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर का हूं, जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि
1. यह कि मैं उपर वर्णित नाम एवं पते का मूल निवासी हूं। 2. यह कि मेरा नाम आधार कार्ड एवं अन्य औपचारिक दस्तावेजों पर वास्तविक नाम दीपांशु श्रीवास पिता श्री कृष्ण कुमार श्रीवास दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। 3. यह कि मेरा घरेलु नाम लक्की पिता कृष्ण कुमार श्रीवास के नाम से जमीन संबंधी राजस्व दस्तावेजों पर अंकित हो गया है। 4. यह कि मैं जमीन संबंधी दस्तावेजों पर अपना वास्वतिक नाम दीपांशु श्रीवास पिता श्री कृष्ण कुमार श्रीवास नाम से जाना व पहचाने जाने व राजस्व रिकार्ड में सुधार कराये जाने व इसी नाम से मान्य किये जाने हेतु समाचार पत्र पर प्रकाशन कराना चाहता हूं। 5. यह कि मेरे उपरोक्त दोनों नाम दीपांशु श्रीवास एवं लक्की एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम होने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/ बैंक को कोई आपत्ति हो तो उसके लिए अपना आपत्ति समाचार प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

शपथकर्ता- दीपांशु श्रीवास
**सत्यापन**
मैं, उपरोक्त शपथपत्र अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।
शपथकर्ता- दीपांशु श्रीवास

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास झल्फा (बिल्हा) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास 125 मूल संयुक्त आबंटी श्री नंद किशोर सोनी पिता स्व. श्री परमेश्वर दीन सोनी एवं सुश्री श्वेता सोनी पिता श्री नंद किशोर सोनी के नाम पर आबंटित है। जिसका विक्रय पत्रक निष्पादन दि. 26.03.2013 को हो चुकी है। मूल संयुक्त आबंटी श्री नंद किशोर सोनी पिता स्व. श्री परमेश्वर दीन सोनी की मृत्यु दिनांक 21.09.2024 को हो गई है। उनकी मृत्यु पश्चात परिवार की सहमति के आधार पर उनकी पुत्री सुश्री श्वेता सोनी पिता श्री नंद किशोर सोनी के नाम एकल नाम पर भवन नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है। अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उसके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल नगर देवरीखुर्द बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई. जी-200-A, आबंटी श्री एम. के. राठौर पिता स्व. श्री बी. आर. राठौर, के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक- 20.06.2010 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती मिता राय पति श्री विमलेन्दु राय को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।
किसी भी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि कोउक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

27 -FEB--REGNOL-pg-5- comman_Layout 1 2/27/2025 11:43 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### सुशांत से मिली पेण्डरवा की सरपंच अंजनी



**बिलासपुर।** ग्राम पंचायत पेण्डरवा की नवनिर्वाचित सरपंच अंजनी बैगा एवं कार्यकर्ताओं ने बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से सौजन्य भेंट की।

### वार्ड नंबर 10 में बोर का भूमिपूजन

**बिलासपुर।** बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर महाशिवरात्रि पर वार्ड नंबर 10 में बोर का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बलराम देवांगन, 12 नंबर वार्ड के पार्षद विजय मरावी, जिला भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष गायत्री मनोज दुबे, शांतनु साहू, संदीप विश्वकर्मा, नीरज अवस्थी, चंदू यादव, पवन अजय वैष्णो लकी दुबे, श्री राजपूत एवं वार्ड के सभी नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### शिव मंदिर में की गई प्राण प्रतिष्ठा



**मुंगेली।** महाशिवरात्रि पर्व पर गोविंद विहार कॉलोनी तिलक वार्ड में नवनिर्मित शिव मंदिर में पूरे विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर समस्त कॉलोनीवासी एवं आसपास के नागरिक उपस्थित रहे।

### बच्चों को दी गई फाइलेरिया की दवाइयां



**लोरमी।** पूरे छत्तीसगढ़ के लगभग 10 प्रतिशत लोग फाइलेरिया की जद में हैं, इसके उन्मूलन के लिए सरकार अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में मिडिल स्कूल सेमरसल के सभी बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से फाइलेरिया से संबंधित अनेक विडियो दिखाए गए। साथ ही सामूहिक दवा का सेवन कराया गया। मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और शिक्षकों ने मिलकर बच्चों को दवाइयां खिलाई। प्रधानपाठक राजकुमार कश्यप ने कहा कि दवा का सेवन करने से फाइलेरिया रोग से बचाव होता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को यह दवा खिलाने का लक्ष्य है, ताकि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सके। इस अवसर पर शिक्षक उमाशंकर सिंह, राकेश पांडेय, पुष्पा चतुर्वेदी के साथ ही संतोषी भगत, एमरेंशिया मिंज, मितानिन मंजू पांडे एवं 77 बच्चे उपस्थित रहे।

### सब्जी बेचने वाली बिरस ने मोनिका को 983 मतों हराया

**बिलासपुर।** अकलतरा जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कोटमी सोनार में का चुनाव दिलचस्प रहा। सरपंच और जनपद सदस्य का चुनाव हाईप्रोफाइल था। प्रत्याशियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कसर नहीं छोड़ी। इस चुनाव में ग्राम कोटमी सोनार में सांसद कमलेश जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक सौरभ सिंह और चुन्नीलाल साहू ने भाजपा प्रत्याशी मोनिका ऋतुपर्ण सिंह के पक्ष में प्रचार किया परन्तु भाजपा समर्थित जनपद सदस्य प्रत्याशी मोनिका ऋतुपर्ण सिंह को 983 मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। गांव के गरीब परिवार की सब्जी बेचने वाली बिरस भूखाउ राम साहू ने मोनिका ऋतुपर्ण सिंह को हराया। सरपंच प्रत्याशी रेखा प्रदीप सोनी को 2302 मत प्राप्त हुए। उन्होंने अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी से 1087 मतों से जीत हासिल की।



## निधन

### रामगोपाल मिश्रा



**बिलासपुर।** तारबाहर एफसीआई गोदाम रोड निवासी रेलवे के सेवानिवृत्त रामगोपाल मिश्रा का 27 फरवरी को निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 28 फरवरी को सुबह 9 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सविता, आरती एवं ओमकार मिश्रा के पिता थे।

### मोतीलाल जैन



**बिलासपुर।** पुराना मीना बाजार कुदुदंड निवासी मोतीलाल जैन का 26 फरवरी को निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे आलोक व अतुल जैन के पिता थे।

### मो. जाकिर खान



**बिलासपुर।** लुतरा शरीफ निवासी मो. जाकिर खान का 27 फरवरी की सुबह निधन हो गया। उन्हें गुलशने मदीना कब्रिस्तान लुतरा शरीफ में सुपुर्देखाक किया गया।

### ज्योति तनेजा



**बिलासपुर।** पारिजात एक्सटेंशन निवासी ज्योति तनेजा का 26 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 फरवरी को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे पवन तनेजा की पत्नी, अतुल तनेजा की भाभी, विक्रम तनेजा की माता थीं।

### पवन राव कंगाली



**बिलासपुर।** इमलीभाठा निवासी पवन राव कंगाली पिता स्व. रामचरण कंगाली का 27 फरवरी को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 28 फरवरी को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कुमारी राव कंगाली के पति, बाबा राव के भाई थे।

## जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए 4 और 5 मार्च को

# 25 सीटों में भाजपा के 19 जनपद सदस्य अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम की घोषणा के बाद जनपद पंचायत पथरिया के 25 सीटों में से 19 पर बीजेपी समर्थक या उनके सक्रिय कार्यकर्ता चुनाव जीत चुके हैं, वही 6 पर कांग्रेस या निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। चुनाव परिणाम के आधिकारिक घोषणा के बाद से ही क्षेत्र में जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए कवायद शुरू हो चुकी है।

इसी बीच शासन की ओर से जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए 4 और 5 मार्च की तिथि की घोषणा कर दी गई है। यही कारण है कि बीजेपी प्रत्याशियों ने जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए लॉबिंग शुरू कर दी है। जनपद सदस्यों की संख्या अधिक होने के कारण बीजेपी समर्थकों में खासा उत्साह है, वहीं कांग्रेस देखो और इंतिजार करो के मुद्रा में है। जनपद सदस्यों के चुनाव में निवर्तमान जनपद अध्यक्ष ज्योति रिंकू सिंह और उपाध्यक्ष जगदीश वर्मा विजयी हुए हैं। चूंकि जनपद अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला के के लिए आरक्षित है ऐसे में ज्योति ठाकुर अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हैं। लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए जगदीश वर्मा एक बार फिर प्रबल दावेदार हैं। हालांकि पिछड़ा वर्ग से कई युवा बीजेपी नेता चुनाव जीत कर आए हैं, ऐसे में दावेदारों की सूची लंबी है। बड़ी खबर यह है कि भाजपा नेता रिंकू सिंह भी जनपद चुनाव जीत चुके हैं जो उपाध्यक्ष के लिये एक उम्मीदवार हो सकते हैं।



रिटर्निंग आफिसर प्रमाण पत्र लेते निर्वाचित जनपद सदस्य।

### ये है निर्वाचित जनपद सदस्य

क्षेत्र क्रमांक 01 गोइंद्री से भुनेश्वरी यादव, 2 भड़गांव से प्रतिभा कुमारी,3 डाड़गांव से सन्नी भार्गव,4 लौदा से चितरेखा डांगड़े,5 अमोरा से सरिता साहू,6 कंचनपुर से चंद्रजीत बंधे,7 बगबुड़वा से रवीना घृतलहरे, 8 सिलतरा से जगदीश प्रसाद वर्मा, 9 छिंदभोग से ज्योति ठाकुर,10जूनवानी से कोमल साहू,11 पढ़ियाइन से लोकेश साहू, 12 कुकुसदा से गायत्री बाई मरकाम, 13 झूलनाकला से अश्वनी कुमार वर्मा, 14 सिलदहा से सुनीता चेलक, 15 गदवारी से अर्चना सिंह, 16 बेलखुरी से रिंकू सिंह ठाकुर, 17 बावली से दीपिका कौशिक,18 चंदली से धनेशवरी वर्मा, 19 साकेत से इदरमति मरावी 20 सांवा से रिजवान हक 21पेण्ड्री स. से चमेली बाई साहू, 22 चन्द्रखुरी से ज्योतिष घृतलहरे, 23 सल्फा से कल्याणी साहू, 24 मोहभट्टा स. से मनीष कुमार साहू, 25 सावतपुर से संजीव कुमार नेताम है।

### जिला पंचायत सदस्य भारती का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**तखतपुर।** चुनाव जीतने के बाद जिला पंचायत सदस्य भारती माली के क्षेत्र में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारती माली ने सभी मतदाताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह जीत मेरी जीत नहीं, मेरे सभी शुभचिंतकों की जीत है। जिन लोगों ने मुझ पर विश्वास जताया मैं उन सभी को यह आश्वस्त करती हूं कि उनके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। कार्यकर्ताओं ने मुझे जीत दिलाकर पूरी नारी जाति का सम्मान किया है। मैं क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। भारती के चुनाव जीतते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। क्षेत्र पहुंचनें पर भारती माली का जगह जगह कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर आतिशी स्वागत किया।



### गोइंद्री में पहली बार अनु जाति वर्ग का सरपंच



**जरहागांव।** मुंगेली जिले के ग्राम पंचायत गोइंद्री में लगभग 2200 मतदाता हैं। पंचायती राज बनने के बाद से 2025 पंचायत चुनाव तक गांव में अनु जाति से कोई भी सरपंच नहीं बना था। लेकिन इस बार के त्रिस्तरीय चुनाव में अनु जाति आरक्षण सीट होने के कारण पहली बार अनु जाति से तेज कुमार पात्रे को सरपंच बनने का मौका मिला। जानकारी के अनुसार गांव में चार प्रत्याशी मैदान में उतरे थे जिसमें तेज कुमार ने ढाई सौ से अधिक वोट हासिल कर सरपंच निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित सरपंच तेज कुमार पात्रे ने बताया कि गांव के मतदाताओं ने जो विश्वास जताया है इस पर खरा उतरना मेरा दायित्व है। गांव के विकास के लिए यथा संभव प्रयास के साथ शासन के योजनाओं का लाभ हर एक व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। जीत के बाद तेज कुमार पात्रे ने गांव में ढोल ताशे के साथ विजय जुलूस निकाल कर हर एक मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

### चितावर से इंद्राणी बनीं सरपंच



**तखतपुर।** ग्राम पंचायत चितावर में सुखदेव सिंगरौल की की पत्नी सरपंच निर्वाचित हुईं हैं। इससे पहले दो बार सुखदेव सिंगरौल सरपंच बने थे एवं तीसरी बार उनकी पत्नी इंद्राणी सिंगरौल चुनाव जीतकर सरपंच निर्वाचित हुई हैं। पत्नी के सरपंच बनने पर सुखदेव को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जीत के बाद विजय आभार रैली निकाल कर उन्होंने समस्त ग्रामवासियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच इंद्राणी ने विकास की गति को आगे बढ़ाते हुए पूरे राज्य में गांव की अलग पहचान बनाने का प्रण लिया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने हमें तीसरी बार गांव का प्रतिनिधि चुना है एवं सरपंच बनाकर गांव के विकास के जवाबदारी सोंपी है। हमें सभी ग्रामीणों को और मतदाता भाइयों को आश्वस्त करती हूं कि सब के सहयोग से गांव के विकास को आगे बढ़ाएंगे और गांव में और बुनियादी सुविधाओं की कोई कमी नहीं होने देंगे।



### खुटेरा शिव मंदिर में सुबह से रही भीड़

**बिलासपुर।** महाशिवरात्रि पर मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। ग्राम खुटेरा के शिव मंदिर में सुबह से महिलाएं नारियल, बेलपत्र लेकर पहुंची। उन्होंने भोलेनाथ का अभिषेक कर अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए पूजा-पाठ किया। ग्राम खुटेरा सहित ग्रामीण अंचलों में भी महाशिवरात्रि की धूम रही। मंदिरों में प्रसाद वितरण किया गया। इसी प्रकार शिव मंदिर सभी शिवालियों में महादेव की पूजा-अर्चना की गई।

### मदकू द्वीप में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सरगांव।** माण्डूक्य ऋषि की तपोभूमि मदकू द्वीप में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय शिव आराधना महोत्सव के दूसरे दिन रूद्राभिषेक और हवन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता दी। क्षेत्र के शिव मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ लगी रही एवं पूजा-अर्चना की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। सरगांव से आए कांवड़ियों के दल ने शिवनाथ नदी से जल भरकर द्वीप क्षेत्र के शिव मंदिर में जलाभिषेक किया एवं पदयात्रा कर सरगांव स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। कांवरियों के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर और सरगांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।आयोजन के तृतीय दिवस दो आवृत्ति पर रूद्राभिषेक पश्चात हवन हुआ एवं पूर्णाहुति के साथ शिव आराधना महोत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों का विशिष्ट प्रयास रहा।

### मंदिरों विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना



**पथरिया।** महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को नगर एंव ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों व शिवालयों में दिन भर बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयघोष के नारे लगते रहे। मंदिरों में सुबह 5 से ही भगवान शिव की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। शहर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के सभी शिव मंदिरों मे पूजा पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया।

# आईजी शुक्ला ने किया कोतवाली एसडीओपी कार्यालय का निरीक्षण

## अफसरों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**मुंगेली।** पुलिस महानिरीक्षक डा. संजीव शुक्ला सिटी कोतवाली, एसडीओपी कार्यालय निरीक्षण हेतु पहुंचे। बिलासपुर रेंज का पदभार ग्रहण करने के बाद डां. संजीव शुक्ला ने मुंगेली जिले में प्रथम दौरा किया। निरीक्षण के दौरान आईजीपी डां. शुक्ला ने बताया कि जिले में पुलिसिंग के साथ यातायात एवं साइबर के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है।





आईजीपी ने जिले की पुलिसिंग को संतोष जनक बताते हुए कहा कि मुंगेली पुलिस को गत दिवस लुटेरों को पकड़े में सफलता मिली है। जिले में नेशनल हाईवे में हो रही दुर्धटनाओं को देखते हुए यातायात व्यवस्था में काम करने की आवश्कता है। साइबर अपराध की बढती संख्या को देखते हुए जागरूकता अभियान के साथ-साथ साइबर टीम को मजूबत किए जाने पर बल दिया जाएगा। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के बढ़ते प्रभाव खास कर सूखा नशा के नियंत्रण के लिए योजना बना कर कार्य करने आवश्यकता है। जिले में पुलिस बल एवं आवश्यक संसाधनों की कमी के बारे में उन्होंने बताया कि प्रदेश में उपनिरिक्षकों एवं आरक्षकों की भर्ती प्रकिया चल रही है। प्रकिया पूर्ण होने के पश्चात बल की कमी दूर हो जाएगी। पुलिसकर्मियों को सप्ताहिक अवकाश के बारें में पूछे जाने पर उन्होने बताया कि जिले सहित प्रदेश में पुलिस बल की कमी है। जिसके चलते इस पर अमल नही हो पा रहा है। नगर में लगे सीसीटीवी के बंद होने के संबंध में उन्होने बताया कि सीसीटीवी के लिए 35 लाख रूपये जिले को प्राप्त हुए है। जिससे महत्व पूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी लगाये जाएंगे। बंद पडे सीसीटीवी को प्रारंभ कराये जाएंगे। नक्सल प्रभावित जिले होने के संबंध में उन्होने बताया कि खुडिया के आस-पास क्षेत्रों के लिए एक डीएसपी की नियुक्ति की गयी है। आवश्यक संसाधन प्राप्त हो रहे हैं। जिले बनने के बाद सिटी कोतवाली क्षेत्र में अपराधो की संख्या को देखते हुए एक अतिरिक्त थाना खोले जाने के लिए पूर्व में विचार किया जा रहा था।

इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय में भेजे जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर पुलिस अधिक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक नवनीत छाबड़ा एवं एसडीओपी मयंक तिवारी, माधुरी धीरही उपस्थित थे।

# नगरपालिका में टेंकर की कमी, पेयजल आपूर्ति नहीं होने से हो रही परेशानी

**तखतपुर।** नगरपालिका तखतपुर में टेंकर की कमी होने के कारण पेयजल की आपूर्ति के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। तखतपुर नगरपालिका क्षेत्र में 15 वार्ड में लगभग 25 हजार जनसंख्या है। यहां बोर के माध्यम से लोगों को पेयजल की सप्लाई होती है।

यदि कभी बोर बिगड़ गया तो टेंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जाती है। लेकिन तखतपुर नगरपालिका में गिनती के चार-पांच टेंकर हैं एवं सभी की हालत खस्ता है। यदि इस टेंकर से पानी भरकर ले कहीं ले जाया जाए तो टेंकर्स का पानी रास्तें में ही बह जाता है एवं टेंकर खाली हो जाते हैं। अभी गर्मी की शुरूआत भी नहीं हुई है और नगर में पेयजल की आपूर्ति के लिए टेंकर्स की जरूरत पड़ने लगी है। परंतु इको लेकर अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं हुई है। हालातों को देखते हुए लगता है कि आने वाले समय में लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। यदि कहीं आगजनी हो जाए तो उसके लिए भी टेंकर उपलब्ध नहीं हैं। पिछले दिनों नगर के एक फर्नीचर दुकान में आग लगी, और दुकान मालिक टेंकर का इंतजार करते रहे। जब तब टेंकर आया तब तक पूरा समान जलकर खाक हो गया था।

### प्रयास किया जा रहा

नगर पालिका तखतपुर के लिए टेंकर उपलब्ध हो जाए इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

**-अमरेश सिंह**
सीएमओं तखतपुर



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण की हत्या करने वाले आरोपी को उम्रकैद

**बिलासपुर।** कोर्ट ने पति पत्नी के विवाद में बीच बचाव करने पर ग्रामीण की हत्या करने वाले आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायालयीन सूत्रों के मुताबिक, बेलगहना क्षेत्र के ग्राम नवागांव निवासी ओमप्रकाश उईके 18 मार्च 2022 होली त्योहार के दिन घर में थे। उनका रिश्तेदार रमेश कुमार उईके पिता सत्तार सिंह उईके 35 साल अपनी पत्नी भगवती बाई के साथ झगड़ा कर रहा था। इससे भगवती बाई बचाव में गुहार लगाते हुए उनके घर आई। उनकी मां ने भगवती बाई को अपने घर के कमरे में छिपा दिया। कुछ देर बाद रमेश उईके उनके घर के दरवाजे को तबली से पीटने लगा। ओमप्रकाश भगवती बाई घर में नहीं है कहते हुए दरवाजा पीटने से मना किया तो रमेश उईके ने उन्हें जान से मार दूंगा कहकर तबली से सीना व गर्दन में तीन से चार बार हमला कर हत्या कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। 27 फरवरी 2025 को षष्टम अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश जायसवाल ने दोनों पक्षों की गवाही सुनने के बाद आरोपी रमेश कुमार उईके को धारा 201 में 3 साल कैद, 500 रुपए जुर्माना व धारा 302 में उम्रकैद, 500 रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर शासकीय अधिवक्ता संजय कुमार साहू ने पैरवी की है।

### अपार्टमेंट के अध्यक्ष से जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** पार्किंग को लेकर अपार्टमेंट के अध्यक्ष व रहवासियों के बीच जमकर मारपीट हो गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर गैलेक्सी अपार्टमेंट निवासी प्रमोद कुमार अग्रवाल अपार्टमेंट के अध्यक्ष हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि 26 फरवरी को रात 10.45 बजे अपार्टमेंट के गार्ड रूम के पास पार्किंग की बात को लेकर मनोज केशवानी, पियुष केशवानी ने उनके साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट की है। उनका भतीजा अमित अग्रवाल, पत्नी शोभा, भाभी सोनल अग्रवाल बीच बचाव करने आए। तीनों ने गाली गलौज कर अमित के गले को पकड़कर हाथ मुक्का मारपीट की व उनकी पत्नी शोभा को धक्का देकर गिरा दिया। वहीं दूसरे पक्ष से पियूष केशवानी ने रिपोर्ट लिखाई कि पार्किंग की बात को लेकर अमित अग्रवाल और उसके साथी हाथ मुक्का, डंडे से मारपीट किया है। उसके भाई हर्ष के साथ भी हाथ मुक्का डंडा से कर पैर, कंधे के पास चोट पहुंचाई गई है। पुलिस ने प्रमोद कुमार की रिपोर्ट पर हमलावर मनोज, पियूष, हर्ष केशवानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5 व पियूष की रिपोर्ट पर अमित अग्रवाल एवं उसके साथी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चाकू लहराने वाले दो युवक पकड़े गए

**बिलासपुर।** सरकण्डा क्षेत्र में चाकू लहराकर अशांति फैलाने वाले नाबालिग सहित 2 लोगों पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के बाद भी क्षेत्र के अपराधियों पर पुलिस का खौफ दिखाई नहीं दे रहा है। सर्वाधिक क्षेत्र में हत्या की वारदात हो रही है। दो माह में मासूम बच्ची सहित दो लोगों की हत्या हो गई हो गई। वहीं पिछले साल आधा दर्जन हत्या की वारदात हुई थी। सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली कि लिंगियाडीह श्यामनगर में एक युवक हाथ में चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर लिंगियाडीह निवासी पुनाराम साहू पिता पुरूषोत्तम साहू 27 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। इसी तरह अशोकनगर अटल आवास के पास पुलिस ने दबिश देकर हाथ में चाकू रखकर लोगों को डराते धमकाते एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि पुलिस क्षेत्र में लगातार गुण्डा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने में लगी हुई है। उसके बाद भी क्षेत्र में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। सर्वाधिक क्षेत्र में हत्या की वारदातें हो रही है। एक तरह से क्षेत्र के बदमाशों में पुलिस को खौफ नजर नहीं आ रहा है। अशोक नगर अटल आवास, लिंगियाडीह, चिंगराजपारा, चांटीडीह, डबरीपारा में अपराधी बेखौफ होकर छोटी छोटी बातों पर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

**आठ सालों में चौथी बार होगा बदलाव** | बिलासपुर और रायपुर की कुछ दुकानों में मशीनें इंस्टाल की जा रहीं, नई मशीनों की स्पीड तेज होने का दावा

# 14 हजार राशन दुकानों में बांटी गईं करोड़ों की ई-पीओएस मशीनें रिजेक्ट

**बिलासपुर।** प्रदेश की 14 हजार राशन दुकानों में करोड़ों रुपए खर्च करके बांटी गईं ई-पीओएस मशीनें फिर बदली जा रही हैं। कंपनी पुरानी मशीन वापस ले रही है। नई मशीनें खरीदी जा चुकी हैं। बिलासपुर और रायपुर की कुछ राशन दुकानों में मशीनें इंस्टाल भी की जा रहीं हैं। खाद्य विभाग के मुताबिक यूआईडी ने प्रदेश में उपयोग होने वाली मशीन को सुरक्षा कारणों से रिजेक्ट कर दिया है।

बता दें कि प्रदेश की दुकानों के लिए पिछली सरकार ने 13,000 नई ई-पाश मशीनें खरीदी थीं, जो बार-बार खराब हो रही थीं। वे टू-जी प्रणाली से चलती थीं, इस वजह से बार-बार नेटवर्क की समस्या भी सामने आती थी। इसके चलते अभी नई मशीनों को ट्रायल के तौर पर लगाया है। इनकी स्पीड भी ज्यादा होगी और वे सुरक्षित भी होंगी। एक बार फिर राशन वितरण में नई मशीनों का उपयोग होगा। अब फिर से नई ई-पीओएस मशीनें लगाई जा रही हैं। बता दें कि अभी ई-पीओएस मशीन में थंब लगाने के बाद ही कार्डधारियों को खाद्यान्न मिलता है। प्रदेश की सभी 13,905 दुकानों में अपडेट मशीनें लगाई जाएंगी। अधिकारियों के मुताबिक नई मशीनें सुरक्षित हैं और उनकी स्पीड भी ज्यादा रहेगी। बारिश में सर्वर डाउन जैसी समस्या नहीं आएगी। ठेका शर्त में यह है कि मशीन में दिक्कत होने पर कंपनी ही बदलकर देगी। उसी आधार पर कंपनी को नए निर्देश का पालन करना है।



### 2021 में लगी थीं मशीनें

ज्ञात हो कि तीन साल पहले मंत्रा इनबिल्ट एलओ बायोमीट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर दुकानों में लगाया गया था। कंपनी को 2021 में मशीन लगाने का ठेका मिला था। अब शासकीय उचित मूल्य दुकानों में लगाई गई इन ई-पीओएस (पाइंट आफ सेल) मशीनों को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने रिजेक्ट कर दिया है। इसके बाद राज्य शासन ने मेसर्स लिंक वेल टेलीसिस्टम कंपनी को अपडेट वर्जन की मशीन लगाने को कहा है। अब दुकानों में इस मशीन की जगह एलआइ स्कैनर युक्त वीए 2 वन ई-पीओएस डिवाइस लगाया जा रहा है। इस डिवाइस को यूआइडीएआइ ने अप्रूव किया है।

**प्रदेश में 1888 शहरी तो 12017 ग्रामीण शासकीय दुकानें**

गौरतलब है कि प्रदेश में 1888 शहरी तो 12017 ग्रामीण शासकीय उचित मूल्य दुकानें हैं। अधिकारियों के मुताबिक इसी माह तक इन सभी दुकानों में मशीनें बदल दी जाएंगी। कंपनी के लोग पुरानी मशीन को वापस लेकर नई लगाएंगे। वे इसे इंस्टॉल भी करेंगे ताकि दुकानदारों को परेशानी न हो। नई मशीन लगाने का कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक अभी मंत्रा इनबिल्ट एलओ बायोमीट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर दुकानों में लगा है। अब दुकानों में इस मशीन की जगह एलआई स्कैनर युक्त वीए 2 वन ई-पीओएस डिवाइस लगाया जाएगा। इस डिवाइस को यूआईडीएआई ने अप्रूव किया है।

### तीन बार बदली जा चुकी हैं मशीनें

पिछले आठ साल से राशन दुकानों की मशीनों को तीन बार बदला जा चुका है, ताकि राशन की गड़बड़ी रोकी जा सके। पहले टेबलेट, फिर मारफो, ई-पीओएस और वेइंग मशीन दी गई। 2016 के पहले तक राशन में मैनुअल सिस्टम से खाद्यान्न वितरण होता था। गड़बड़ी की शिकायतों के बाद टेबलेट से वितरण शुरू हुआ। इसमें हितग्राही का फोटो खींचा जाता था। फिर 2017 में फिंगरप्रिंट बायोमीट्रिक डिवाइस से वितरण शुरू हुआ। 2021 में ई-पीओएस मशीनें दी गईं और फिर वेइंग मशीनों से इसे जोड़ा गया। इन सबके बावजूद राशन की हेराफेरी पर पूरी तरह रोक नहीं लग सकी।

### नई मशीन की स्पीड होगी ज्यादा

राशन दुकानों में लगाईं गईं मशीनों में नेटवर्क की समस्या आ रही थी। इसे राज्य स्तर पर बदलने का फैसला लिया गया है। अभी नई मशीनों को ट्रायल के तौर पर लगाया जा रहा है। इनकी स्पीड भी ज्यादा होगी और वे सुरक्षित भी होंगी।

\- अनुराग सिंह भदौरिया, खाद्य नियंत्रक

**स्टेशन विकास :** सर्कुलेटिंग एरिया में संचालित चौकी चारों ओर शेड से घिरी, खाली नहीं कर रहा स्टाफ

# स्टेशन में सब टूट गया, पुलिस चौकी बच गई



रेलवे स्टेशन के बाहर चारों ओर टीन के शेड से घिरी पुलिस चौकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य में सर्कुलेटिंग एरिया जनआहार के सामने संचालित तोरवा पुलिस चौकी बाधा बन गई है। चौकी की जगह को खाली करने के लिए रेल प्रशासन ने कई बार नोटिस देने के साथ पत्र भी लिखा है, लेकिन स्टाफ चौकी की जगह को खाली करने के लिए तैयार नहीं हो रहा है। अब हालत यह है कि चौकी के चारों ओर निर्माण कार्य चल रहे हैं और यह शेड से घिर गई है।

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम शुरु कर दिया गया है। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य की शुरुआत रेल प्रशासन ने पहले गेट नम्बर चार से की थी, जहां लगे रैंप को तोड़ दिया गया। इसके बाद गेट नम्बर तीन जहां यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ रहती थी। इसका कारण था कि गेट नम्बर तीन पर अनारक्षित यानि जनरल टिकिट काउंटर का संचालन किया जाता था, जहां से टिकिट की खरीदी करने के बाद यात्री ट्रेन में सफर करते थे। अनारक्षित टिकिट काउंटर को रेल प्रशासन ने गेट नम्बर एक पर स्थित आरक्षण कार्यालय में और आरक्षण कार्यालय को स्काउट एंड गाइड विंग की बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया है। इन दोनों काउंटरों की शिफ्टिंग करने के बाद चारों ओर से शेड लगाकर गेट नम्बर तीन को भी पूरी तरह से ब्लाक कर दिया गया है, जिसके उपरांत वर्तमान में यात्री गेट नम्बर चार और एक व दो से स्टेशन में आना-जाना कर रहे हैं। स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में बनी पार्किंग की शिफ्टिंग के उपरांत तोड़फोड़ भी शुरु कर दी गई है, लेकिन इस जगह पर पुराने जनआहार के सामने संचालित होने वाले तोरवा पुलिस चौकी को स्टाफ की ओर से खाली नहीं करने के कारण काम को आगे बढ़ने में काफी दिक्कत हो रही है। रेलवे अफसरों ने स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में बाधा बनने वाले तोरवा पुलिस चौकी की जगह को खाली करने के लिए कई बार पत्र भी लिखा है। पुलिस विभाग जगह खाली करने के एवज में नई जगह की मांग कर रहा है, जिसके कारण काम भी अधर में लटका हुआ है।

**किसी काम की नहीं चौकी:** रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में लॉ एंड आर्डर संभालने के लिए दो यूनिट आरपीएफ और जीआरपी काम कर रही है। इसके बावजूद तोरवा पुलिस चौकी स्टेशन के बाहर 10 बाई 10 की जगह को घेरकर रखी हुई है। तोरवा पुलिस का स्टेशन में किसी तरह का कोई काम नहीं है। जानकारी के अनुसार चौकी में बैठने वाले स्टाफ कुछ वीआईपी और अपने चहेतों के लिए तत्काल और आरक्षण की बुकिंग कराने का काम करते हैं। वर्तमान में चौकी को शेड लगाकर चारों ओर से घेर दिया गया है, जहां आने-जाने के लिए रेल प्रशासन की ओर से रास्ता नहीं देने के बावजूद स्टाफ आरपीएफ और जीआरपी थाने से अपना रास्ता बना लिए हैं।

### चौकी का कोई प्रावधान नहीं

रेलवे स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया हो या अंदर प्लेटफार्म व ट्रेन, यहां लॉ एंड आर्डर को संभालने के लिए दो यूनिट आरपीएफ और जीआरपी तैनात हैं। स्टेशन के सामने तोरवा पुलिस चौकी का कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा रेलवे के नियम में भी नहीं है कि स्टेशन के सामने किसी तरह की पुलिस चौकी खोली जाए। पुलिस चौकी को हटाने के लिए सेटलमेंट विभाग ने नोटिस जारी किया है। इस पत्र के जवाब में पुलिस प्रशासन ने दूसरे स्थान पर चौकी के लिए जगह मांगी है। दोबारा पत्र में पूछा गया है कि पुलिस चौकी ओपन करने के लिए कौन से वर्ष और किस तरह अधिकारिक रूप से उन्हें अनुमति दी गई थी। इसका जवाब अब तक रेल प्रशासन को प्राप्त नहीं हुआ है।

\-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### मांगी गई है जगह

रेलवे स्टेशन के सामने संचालित होने वाली तोरवा पुलिस चौकी को खाली करने के लिए नोटिस के संबंध में कोई जानकारी तो नहीं है, लेकिन पुलिस चौकी को हटाने के बाद नई जगह की मांग रेल प्रशासन से करने पत्राचार किया गया है।

\-अभय बैस
थाना प्रभारी, तोरवा



# भैंसाझार के जंगल में आग लगने से हजारों वृक्ष जलकर खाक

## बीट गार्ड ने ग्रामीणों के सहयोग से बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा से सात किलोमीटर दूर स्थित भैंसाझार के जंगल में पिछले दो दिन से आग लगने की वजह से हजारों की संख्या में वृक्ष जलकर खाक हो गए हैं। इसकी जानकारी वन विकास निगम के अफसरों को नहीं है, लेकिन मौके पर मौजूद बीट गार्ड ने विभाग के स्टाफ के बजाय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का काम किया है।

■ वन विकास के अफसरों को इसकी जानकारी नहीं

जानकारी के अनुसार दो दिन पहले भैंसाझार में जब आग लगी तो ग्रामीणों ने उसे बुझाने का काफी प्रयास किया। आग नहीं बुझी तो उन्होंने उसका वीडियो और फोटो बनाकर भेज दिया। गांव वालों की सूचना के बाद भी वन विकास निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। भीषण आग को देखकर ग्रामीण एवं समाजसेवा गिरीश राज, भूषण राज, अनिल खुरसेंगा, मोहनलाल ने आग को बुझाने का प्रयास किया। आग काफी दूर तक फैल गई थी। सभी ने हाथ में वृक्ष की टहनी लेकर पेड़ों के पत्ते को हटाने का काम किया, जिससे आग फैलना बंद हो गया। इस तरह हजारों की संख्या में विभिन्न प्रजाति के वृक्ष के साथ जंगल में रहने वाले पशु पक्षी की जान ग्रामीणों के सहयोग से बच गई। ग्रामीणों के अनुसार भैंसाझार में वन विकास निगम की एक नर्सरी भी है, जहां विभाग के कर्मचारी रहते हैं। ऐसे में भी विभाग को इस आग के बारे में जानकारी देने के बाद भी किसी कर्मचारी का नहीं पहुंचना बहुत ही बड़ी लापरवाही है। भैंसाझार विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों का निवास है, इस जंगल में लगी आग से कई पक्षियों का जीवन संकट में आ गया था। ग्रामीणों ने विभाग को सूचना दी तब बाद में आनन-फानन में वन विकास निगम के बीट गार्ड ने मौके पर पहुंचकर गांव वालों की मदद से आग को बुझाने का काम चालू किया।

# कालोनी के एक और सूने मकान में ढाई लाख की चोरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी क्षेत्र में चोरों ने आतंक मचाते हुए कालोनी के एक और सूने मकान में डेढ़ लाख के सोने चांदी के जेवर पार कर दिया है। इसके पूर्व भी कालोनी के दो सूने मकानों में चोरी हुई थी। लगातार चोरी के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

■ सकरी में चोरों का आतंक

सकरी पुलिस के अनुसार, आसमां सिटी एलआईजी-21 निवासी ललित कुमार शर्मा पिता रामनिवास शर्मा इंटीरीयर डिजाइनिंग का काम करते हैं। 23 फरवरी को सुबह 7 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ प्रयागराज चले गए थे। 26 फरवरी की शाम 7.30 बजे उनकी पड़ोसन ने फोन कर बताया, उनके घर का दरवाजा खुला हुआ है लाइट जल रही है। उन्होंने वीडियो काल कर घर की स्थिति को दिखाया, जिसमें सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और ज्वेलरी के बाक्स फर्श पर फैले हुए थे। 27 फरवरी को वे प्रयागराज से लौटे, उन्होंने देखा तो आलमारी में रखी सोने की चेन 12 ग्राम, सोने की ओम लिखी लाकेट 1.5 ग्राम, दो जोड़ी सोने के टाप्स एवं एक जोड़ी बाली, तीन नग सोने की फुल्ली, पांच जोड़ी चांदी की पायजेब, सात जोड़ी बिछिया, चांदी की चम्मच,



कटोरी, बच्चों को चूड़ा, करधन, चांदी की अंगूठी, एक चांदी का सिक्का सहित ढाई लाख के जेवर चोरी हो गए थे। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

### एक दिन पहले दो मकानों में हुई थी चोरी

आसमां सिटी फेस 2 एजे-83 निवासी प्रियांशु मिश्रा के सूने मकान से 30 हजार रुपए नकद, सोने की अंगूठी, पायल व मकान नम्बर एटीयू 9 निवासी आशीष कौशिक सूने घर से 2 हजार रुपए नकद, सोने की बिंदिया, पायल चोरी हो गई थी।

# लालच में फंस गए स्टूडेंट व मजदूर

**बिलासपुर।** दूसरे राज्यों में बैठे जालसाजों ने एजेंट के माध्यम से बैंककर्मियों से सांठगाठ कर स्टूडेंट व रोजी मजदूरी करने वालों को बैंक खाता खोलने 2000 रुपए व पैसा जमा होने पर कमिशन देने का लालच दिया था। लालच में मजदूर व स्टूडेंट फंस गए। एजेंटों ने एक व्यक्ति का अलग अलग तीन से चार बैंकों में खाता खुलवा दिया था। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

ज्ञात हो कि बुधवार को पुलिस ने ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले 19 लोगों को पकड़ा था। पुलिस ने उनके बैंक खाते से 3 करोड़ रुपए लेनदेन होने का खुलासा किया। वहीं 97 लाख रुपए फ्रीज किए गए थे। गुरूवार को सारबर थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। साइबर थाना टीआई विजय चौधरी ने बताया,




पकड़े गए आरोपियों में खाता उपलब्ध कराने वाले अधिकांश आरोपी स्टूडेंट व रोजी मजदूरी करने वाले हैं। दूसरे राज्यों से जालसाज जिले में एजेंट भेजते थे। एजेंट पढ़ाई करने वाले बरोजगार युवकों व रोजी मजदूरी करने वाले लोगों की तलाश कर बैंक खाता खुलवाने पर 2000 हजार रुपए तत्काल व उक्त बैंक खाते में पैसा जमा होने पर 2 प्रतिशत राशि कमीशन देने का लालच देते थे। एजेंट प्राइवेट बैंक कर्मियों से सांठगाठ कर बेराजगार व रोजी मजदूरी करने वालों का बैंकों में खाता खुलवाते थे और उनका एटीएम अपने पास रख लिया करते थे। उसके बाद जालसाजों के द्वारा उक्त बैंक खातों का आनलाइन ठगी में लेनदेन करने उपयोग करते थे। श्री चौधरी ने बताया, एक व्यक्ति का तीन से चार बैंको में खाता मिला है। पूछताछ में खाताधारकों ने मात्र 2 से 10 हजार रुपए तक कमीशन मिलने की जानकारी दी है।

### ये आरोपी गए जेल

सत्यनारायण पटेल सेंदरी आवासपारा, राकेश भेड़पाल सेंदरी, दुर्गेश केंवट सेंदरी, शिवशंकर यादव डीपूपारा गगन अपार्टमेंट, राजकुमार पाल सेंदरी, नंदकुमार केंवट इटवापाली मस्तूरी, दीपेश कुमार निर्मलकर तारबाहर नगीना मस्जिद के पास, सुरेश सिंह सेंदरी, शेख चतुर्थी शुभम विहार, रोशन कुमार साहू अज्ञेय नगर, कुनाल मंडावी बलौदाबाजार, प्रथम सोनी करगीरोड कोटा, दीपांशु साहू कोटा, अमन तिवारी कोटा, रामलाल यादव खैरा मस्तूरी।

# जांच टीम ने सौंपी रिपोर्ट, होगी कार्रवाई

**बिलासपुर।** सेंट विसेंट पलोटी स्कूल में हुए ब्लास्ट की जांच के लिए शिक्षा विभाग ने चार सदस्यीय टीम बनाई थी। टीम के सदस्यों ने इसकी रिपोर्ट डीईओ को सौंपी दी है। रिपोर्ट का अवलोकन कर कार्रवाई की जाएगी।

■ सेंट विसेंट पलोटी स्कूल का मामला

कुछ दिन पहले मंगला रोड स्थित सेंट विसेंट पलोटी स्कूल के बाथरूम में हुए धमाके से कक्षा 4 की 10 वर्षीय छात्रा बुरी तरह झुलस गई थी। इस घटना के बाद अभिभावकों ने स्कूल का घेराव कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। पालकों के बढ़ते दबाव को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने स्कूल में सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जिसमें 8 वीं क्लास की 4 छात्राएं और 2 छात्रों का नाम सामने आया। स्कूल प्रशासन ने छात्रों को निष्कासित कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच टीम का गठन किया। जिसकी जिम्मेदारी 4 प्राचार्यों को सौंपी गई थी। जांच के टीम के सदस्यों ने गुरूवार को इसकी रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी है। डीईओ अनिल तिवारी ने बताया कि जांच टीम के सदस्यों ने आज रिपोर्ट सौंपी हैं।







